www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 37.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 87.400g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 बढ़ रहा भारत का अंतरराष्ट्रीय कद, मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों ने देश को नई दिशा दी
17 सेकेंड में नोट लुटाकर पिस्टल से किए 3 फायर 04

वर्ष :08 | अंक :252 | मुंबई ,बुधवार 05 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों के निलंबन पर रोक, दिल्ली हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दिए निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कई छात्रों के निलंबन पर रोक लगा दी है जो बिना पूर्व अनुमति के परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। अदालत ने चर्चा में छात्र प्रतिनिधियों को शामिल करने के महत्व पर जोर देते हुए विश्वविद्यालय समिति के अधिकारियों को कुलपति की देखरेख में मुद्दे को संबोधित करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय को मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह निर्णय जामिया के चार छात्रों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आया है, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय प्रॉक्टर के उन्हें निलंबित करने और परिसर में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के आदेश को चुनौती दी थी। छात्रों के वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

### पहलवान सुशील कुमार को मिली नियमित जमानत, पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड का है मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पहलवान सुशील कुमार को नियमित जमानत दे दी, जो 2021 जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्या मामले में कथित संलिप्तता के लिए तिहाड़ जेल में बंद थे। इससे पहले उन्हें जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए सात दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। उनके वकील एडवोकेट आर एस मलिक ने कहा कि काफी देरी हो चुकी है। वह पिछले साढ़े तीन साल से जेल में हैं। सभी गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। अभी तक उनके खिलाफ कोई सबूत पेश नहीं किया गया है। कोर्ट ने इसे जमानत का एक आधार माना, इसलिए आज उन्हें जमानत दे दी गई। 31 गवाहों से पूछताछ की गई है। एडवोकेट सुमीत शौकीन ने कहा कि आदेश की अभी घोषणा ही हुई है और हम अभी भी आदेश की हार्ड कॉपी का इंतजार कर रहे हैं। इस मामले पर आज बहस हुई और करीब डेढ़-दो घंटे तक बहस चली। कोर्ट ने मामले के सभी तथ्यों की सराहना की है। चूंकि वह लगभग साढ़े तीन साल से हिरासत में है और इतने लंबे मुकदमे के बाद भी केवल 31 गवाहों से पूछताछ की गई है। उन सभी तथ्यों पर लुउ ने विचार किया है और नियमित जमानत दी गई है। सागर हत्या मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आरोप पत्र के अनुसार, ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार और उनके सहयोगियों ने 2021 में 4 और 5 मई की मध्यरात्रि को पहलवान सागर धनखड़ और उनके दो दोस्तों, सोनू और अमित कुमार पर कथित रूप से हमला किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें कथित तौर पर कुमार और उनके साथियों को एक अन्य व्यक्ति को लाठियों से मारते हुए दिखाया गया है।

# पीएम मोदी ने उद्योग जगत से की अपील- 'मात्र मूकदर्शक' न बनें, वैश्विक आपूर्ति शृंखला में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं

**पीएम मोदी ने एमएसएमई द्वारा रोजगार सृजन की सराहना की. उन्होंने बेहतर तकनीक, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 2020 में एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया गया था, जो 14 साल बाद किया गया एक महत्वपूर्ण कदम था. उन्होंने कहा कि इस संशोधन से यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे.



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है, जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं. उन्होंने एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास दिलाने के लिए बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार करने की बात कही. उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया, ताकि एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिल सके.

### एमएसएमई को मिलेगा कम लागत पर लोन सुविधा

पीएम मोदी ने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा. उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा. आपको बता दें कि बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था.

### 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ

पीएम मोदी ने बताया कि आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना) योजना का लाभ मिल रहा है. इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है. इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है ।

### शेर के शावक को दुलारते दिखे पीएम मोदी, गुजरात में वन्यजीव बचाव केंद्र 'वनतारा' का भी किया उद्घाटन

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जामनगर में वंतारा पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर थे। वंतारा 2,000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से अधिक बचाए गए, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है। पीएम ने वहां पुनर्वासित किए गए जानवरों की विभिन्न प्रजातियों के साथ निकटता से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने वंतारा में वन्यजीव अस्पताल का भी दौरा किया, जिसमें एमआरआई, सीटी स्कैन और आईसीयू सहित विभिन्न सुविधाएं हैं। अस्पताल में वाइल्डलाइफ एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा, आंतरिक चिकित्सा आदि सहित कई विभाग हैं। मोदी ने अस्पताल में एमआरआई कक्ष का भी दौरा किया और एक एशियाई शेर को एमआरआई कराते हुए देखा। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर का भी दौरा किया जहां राजमार्ग पर एक कार से टकराने के बाद एक तेंदुए की जीवनरक्षक सर्जरी की जा रही थी और बचाव के बाद उसे यहां लाया गया था। प्रधानमंत्री को एशियाई शेर शावकों और सफेद शेर शावकों सहित विभिन्न प्रजातियों को खाना खिलाते और खेलते हुए भी देखा गया। जिस सफेद शेर के शावक को पीएम मोदी ने दूध पिलाया था, उसका जन्म केंद्र में तब हुआ था जब उसकी मां को बचाया गया था और देखभाल के लिए वंतारा लाया गया था। पीएम मोदी शेर के साथ हाई फाइव करते भी नजर आए।*



# औरंगजेब विवादः भारी विरोध के बीच अबू आजमी ने वापस लिया अपना बयान

**बोले- मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर किया गया पेश**

बॉलीवुड फिल्म छावा में ऐतिहासिक चित्रणों पर टिप्पणी करते हुए, आजमी ने दावा किया कि इतिहास ने औरंगजेब की विरासत को विकृत कर दिया है और वह एक क्रूर शासक नहीं था।



एजेंसी

मुंबईः मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ कर विवादों में घिरे समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी ने अपना बयान वापस लिया है. हालांकि, मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर क्षेत्र के विधायक आजमी ने कहा कि उन्होंने किसी भी महापुरुष के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है. अबू आजमी के बयान को लेकर शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने सोमवार को ठाणे के वागले पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. जिसके बाद उनके खिलाफ वागले केस दर्ज किया गया. शिवसेना ने अबू आजमी के इस्तीफे की मांग की. हंगामा होने के बाद अबू आजमी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ३मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है. औरंगजेब के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है. मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुष के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है. फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं. मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। औरंगजेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरषों के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है - लेकिन फिर भी मेरी इस बात से उन्होंने आगे लिखा, इस बात को राजनितिक मुद्दा बनाया जा रहा है, और इसकी वजह से महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र को बाधित किया जा रहा है. मैं समझता हूं कि यह महाराष्ट्र की जनता का नुक्सान करना है. सपा विधायक आजमी ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए औरंगजेब को अच्छा प्रशासक बताया और दावा किया कि मुगल शासक ने कई मंदिर बनवाए थे।

# बिहार सरकार खटारा, सीएम थका-हाराः तेजस्वी

**तुम्हारे पिता लालू को मैंने बनाया, तुम्हारी जाति वाले कहते थे- ऐसा मत करो :नीतीश**



एजेंसी

पटना , बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बयानबाजी हुई। मुख्यमंत्री ने तेजस्वी की ओर देखते हुए कहा- 'ये बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता। 2005 के पहले कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता (लालू) को भी हमने ही बनाया है।' इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा, 'सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका-हारा, आम आदमी मारा-मारा।'

तेजस्वीः सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएमथका-हारा, आम आदमी मारा-मारा।

नीतीशः ये बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता। 2005 के पहले कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता (लालू) को भी हमने ही बनाया है। तुम्हारी जाति के लोग कहते थे, ऐसा मत करो।

तेजस्वीः 2005 से पहले सीएम को पलटूराम कहने पर किसी की सदस्यता नहीं ली जाती थी।

नीतीशः इन लोगों ने 2 बार गड़बड़ की तो हमने हटाया है। हम अब हमेशा साथ रहेंगे। अब इधर-उधर जाने वाले नहीं हैं।

तेजस्वीः अब जंगलराज के नाम पर डराकर सोच रहे हैं कि बिहार की जनता झांसे में आ जाएगी, तो आप गलतफहमी में हैं।

नीतीशः 2005 के पहले लोग शाम को घर से निकलने से डरते थे। सड़कें नहीं थीं। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। जो काम किया मैंने किया।

### तेजस्वी ने सम्राट चौधरी को नकली भाजपाई कहा

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने सम्राट चौधरी से कहा- क्या आपने और आपके पिताजी ने बीजेपी को गाली नहीं दी।' सम्राट ने कहा- 'आपके पिताजी ने बिहार को लूटने का काम किया।' तेजस्वी ने कहा- 'आखिरी बार राजद से ही चुनाव जीते थे, अब जीतेंगे भी नहीं।' इस पर सम्राट बोले- 'आप राजा हैं क्या।' इस पर स्पीकर ने कहा कि व्यक्तिगत आक्षेप मत कीजिए। इस पर बीजेपी विधायकों ने सदन में हंगामा किया।

# चच्चू फिर गच्चा खा गए, महाकुंभ नहीं गए : सीएम योगी

**जो हमारा, हमें मिलना चाहिए...इसके इतर कुछ नहीं:विधानसभा में योगी बोले-संभल में 68 तीर्थ मिटाने की कोशिश हुई, 54 को ढूंढ निकाला**

योगी ने कहा कि महाकुंभ के 45 दिनों में देश-दुनिया से 66 करोड़ से ज्यादा लोग मेले में आए। महाकुंभ में आने वाले 66 करोड़ लोगों में से आधी महिला तीर्थयात्री रही होंगी, लेकिन उत्पीड़न, लूट, अपहरण या हत्या की एक भी घटना नहीं हुई।

एजेंसी

लखनऊ ,विधानसभा में मंगलवार को सीएम योगी ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। कहा- एक शरारत के तहत संभल के 68 तीर्थों और 19 कूपों की निशानी मिटाने की कोशिश की गई। उनको खोजना हमारा काम था। हमने 54 तीर्थ खोजे और 19 कूपों को भी ढूंढ निकाला। जो हमारा है, हमें मिल जाना चाहिए। इससे इतर कुछ नहीं है ।कहा- लोहिया ने कहा था कि भारत के लिए राम, शंकर और कृष्ण जब तक भारत के आदर्श हैं, कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। जब तक इन्हें आदर्श के रूप में मानेंगे, भारत भारत बना रहेगा। लेकिन सपा का इन तीनों देवताओं पर विश्वास नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद से कहा- मन से बोलते हैं, तो सही बोलते हैं

सीएम ने कहा- 93 सदस्यों ने विधानसभा की चर्चा में भाग लिया। इसमें विपक्ष के 34 सदस्य शामिल रहे। हमें अच्छा लगा कि नेता प्रतिपक्ष ने दार्शनिक अंदाज में अपनी बात रखी। डॉ लोहिया के अनुयायी के रूप में बात रखी। वे इसका आचरण स्वयं कर पाते हैं या नहीं, यह मुझे नहीं पता।

योगी ने अपने भाषण के दौरान ज्यादातर महाकुंभ पर बात की। कहा- महाकुंभ में एक भी छेड़खानी, अपहरण, लूट, हत्या की घटना नहीं हुई। जो उत्तर प्रदेश या भारत को या सनातनधर्मियों को कटघरे में खड़ा करे। 66 करोड़ आ जाएं और सुरक्षित लौट जाएं, यह बड़ी बात है। बहुत से लोग महाकुंभ आना चाहते थे, लेकिन नहीं आ पाए। उनके मन में कसक रह गई। जिसने भी डुबकी लगाई, आस्था की डुबकी में अभिभूत होकर गया।



### विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर अध्यक्ष महाना ने जताई नाराजगी

**कहा- विधानभवन को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा की गरिमा और स्वच्छता बनाए रखने के संकल्प को दोहराते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक अनुशासनहीन घटना पर मंगलवार को सदन में गहरी नाराजगी व्यक्त की। विधानसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा मंडल के प्रवेश द्वार पर पान मसाला थूके जाने की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल वहां जाकर सफाई सुनिश्चित करवाई और इस अव्यवस्थित व्यवहार की भर्त्सना की।

# बीजापुर नक्सल मुठभेड़ में दो महिला नक्सली सहित 13 माओवादी ढेर, एक जवान घायल

बस्तर की धरती एक बार फिर बम और गोलियों के धमाकों से गूंज उठा. जवानों ने घात लगाए नक्सलियों को इस बार करारा जवाब दिया. बीजापुर मुठभेड़ में 13 हार्डकोर नक्सली ढेर हो गए. मौके से एलएमजी हथियार समेत भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ है. मुठभेड़ के दौरान एक जवान आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गया है.

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे बस्तर में इन दिनों जवानों का सर्च ऑपरेशन तेज**



एजेंसी

बीजापुरः लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले बस्तर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. इस साल के सबसे बड़े नक्सल एनकाउंटर को अंजाम देते हुए बीजापुर सिक्योरिटी फोर्स ने 13 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है. मंगलवार को मुठभेड़ के बाद 10 शव बरामद किए गए थे. वहीं आज बुधवार को जंगल से तीन नक्सली का शव बरामद किया गया है. मुठभेड़ के दौरान एक जवान आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गया है. बीजापुर नक्सल मुठभेड़ में बड़ा खुलासाः बीजापुर नक्सल मुठभेड़ में लगातार खुलासा होता जा रहा है. एक महिला नक्सली सहित 13 माओवादियों को सुरक्षाबलों ने इस एनकाउंटर में मार गिराया है. मंगलवार को सुरक्षा बलों को बड़े नक्सली पापा राव की मौजूदगी की सूचना मिली थी. जिसके बाद लेंड्रा के जंगल में सिक्योरिटी फोर्स ने ऑपरेशन चलाया. इस ऑपरेशन में अब तक की सूचना के मुताबिक कुल 13 नक्सली मारे गए हैं।

# नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डीके शिवकुमार

शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने खड़गे को बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भी आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय की नींव रख रहे हैं।



एजेंसी

कर्नाटक के नेतृत्व पर नए सिरे से चर्चा के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। यह बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार का पुरजोर समर्थन करने के कुछ दिनों बाद हुई। हालांकि, शिवकुमार ने कहा कि खड़गे से मुलाकात प्रोटोकॉल का मामला था। उन्होंने कहा कि वह मेरे अध्यक्ष हैं। वह मेरे नेता है। एक प्रोटोकॉल है कि मुझे जाकर उन्हें रिसीव करना है, इसलिए मैं गया।

**कार्यकाल** मनोहर लाल खट्टर ने किया ऐलान, 3 साल होगा कार्यकाल

# दिलीप जायसवाल फिर बने बिहार बीजेपी के बॉस

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप जायसवाल को आधिकारिक तौर पर बिहार के नए पार्टी अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। इसकी घोषणा मंगलवार को बिहार भाजपा परिषद प्रभारी मनोहर लाल खट्टर ने की। यह एक महत्वपूर्ण समय पर आया है क्योंकि राज्य अक्टूबर-नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा सर्वसम्मति से चुने गए अपने नए अध्यक्ष के नेतृत्व में बिहार प्रदेश संगठन पर्व मना रही है। आज बिहार को एक ऐसा अध्यक्ष मिला है जो अनुभवी, सरल स्वभाव वाला और मेहनती है। भाजपा नेता ने कहा कि हमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ दिलीप जयसवाल मिले हैं। 2025 में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। बीजेपी नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिलीप जयसवाल प्रदेश अध्यक्ष बन गये हैं और उनके नेतृत्व में बीजेपी और आगे बढ़ेगी। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में यहां एनडीए की सरकार बनेगी. लोगों में काफी उत्साह है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज संगठन का चुनाव था, हमारा संगठन महोत्सव आज समाप्त हुआ। हमारे प्रदेश में डॉ. दिलीप जयसवाल पार्टी अध्यक्ष बने, उनके नेतृत्व में संगठन आगे बढ़ेगा। इससे पहले 26 फरवरी को, जयसवाल ने अपनी पार्टी की 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति के अनुरूप नीतीश कुमार मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। महत्वपूर्ण राजस्व और भूमि सुधार विभाग संभालने वाले जायसवाल को पिछले साल जनवरी में सीएम नीतीश कुमार के एनडीए में शामिल होने के साथ राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद कैबिनेट में शामिल किया गया था।

पिछले साल जुलाई में उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की जगह प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष का पद संभाला था। भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा द्वारा 25 फरवरी को पटना में पार्टी की राज्य कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करने के कुछ घंटों बाद जायसवाल ने अपने इस्तीफे की घोषणा की। पार्टी नेताओं ने चर्चाओं का विवरण नहीं दिया, केवल यह बताया कि वे इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के आसपास केंद्रित थीं। सूचना और जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा और नए मंत्री शाम चार बजे राजभवन में शपथ लेंगे।



भाजपा नेता ने कहा कि हमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ दिलीप जयसवाल मिले हैं। 2025 में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। बीजेपी नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिलीप जयसवाल प्रदेश अध्यक्ष बन गये हैं और उनके नेतृत्व में बीजेपी और आगे बढ़ेगी।

# केंद्र ने उत्तरी राज्यों में तमिल पढ़ाने के लिए संस्थान क्यों नहीं स्थापित किए : स्टालिन



एम. के. स्टालिन ने कथित तौर पर हिंदी थोपने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आश्चर्य जताया कि केंद्र सरकार ने उत्तर भारत के राज्यों के लोगों को तमिल या अन्य दक्षिण भारतीय भाषाएं सिखाने के लिए संस्थान स्थापित करने में मदद क्यों नहीं की।

एजेंसी

चेन्नई । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कथित तौर पर हिंदी थोपने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आश्चर्य जताया कि केंद्र सरकार ने उत्तर भारत के राज्यों के लोगों को तमिल या अन्य दक्षिण भारतीय भाषाएं सिखाने के लिए संस्थान स्थापित करने में मदद क्यों नहीं की। हिंदी थोपे जाने का विरोध विषय पर कार्यकताओं को संबोधित पत्र में स्टालिन ने कहा कि गूगल ट्रांसलेट, चैट (जीपीटी) और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी तकनीक लोगों को संबंधी समस्याओं से निपटने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए केवल आवश्यक तकनीक सीखना फायदेमंद होगा। किसी को थोपना उन पर केवल बोझ होगा। द्रमुक प्रमुख ने कहा कि गांधीजी का मानना था कि दक्षिणी राज्यों के लोग हिंदी सीखें और उत्तरी राज्यों के लोग दक्षिणी भाषाओं में से एक सीखें, जिससे राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त होगा और राष्ट्रपिता की इच्छा को पूरा करने के लिए दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की गई थी। स्टालिन ने कहा, गांधी जी ने खुद चेन्नई में सभा के मुख्यालय में कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था और वर्तमान में ये सभा छह हजार केंद्रों के साथ दक्षिणी राज्यों में काम कर रही है।

# सम्पादकीय

## ऑनलाइन फूहड़ता पर नकेल जरूरी, सरकार को भी होना होगा गंभीर

प्रश्न यह है कि क्या ऑनलाइन अभद्रता से मुंह मोड़ लेने से सब कुछ सही हो जाएगा ? यदि देश में कुछ गंभीर समस्याएं हैं तो इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि ऑनलाइन फूहड़ता को बेरोक-टोक चलने दिया जाए। स्पष्ट है कि सरकार को यह देखना ही होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ऑनलाइन फूहड़ता अनियंत्रित न होने पाए ।एक यूट्यूब चैनल पर अभद्र-अश्लील टिप्पणी से उपजे मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह एक बार फिर सरकार से ऑनलाइन सामग्री के नियमन के उपाय करने को कहा, उससे यह पता चलता है कि वह इसे लेकर गंभीर है। इसका परिचय इससे मिलता है कि उसने इसका मसौदा बनाने और उसके लिए संबंधित पक्षों एवं आम लोगों से सुझाव लेने को भी कहा ।इसके बाद सरकार का इस दिशा में सक्रिय होना स्वाभाविक है, लेकिन यह आसान काम नहीं, क्योंकि इसे लेकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप की आवाज उठ सकती है। सच तो यह है कि वह उठने भी लगी है। खुद को सोशल मीडिया कहने वाले इंटरनेट प्लेटफार्म मुक्त विचारों के मंच के तौर पर जाने जाते हैं ।ये प्लेटफार्म लोगों को कुछ भी कहने की अनुमति देते हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीम नहीं। इसकी अपनी कुछ सीमाएं हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर फूहड़ता, नग्नता और नफरत फैलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। दुर्भाग्य से कुछ लोग यह समझ बैठे हैं कि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफार्म पर कुछ भी कहने की छूट मिली हुई है ।इनमें प्रमुख हैं कामेडियन और इन्फ्लुएंसर्स। ये खुलकर गालियों का तो इस्तेमाल करते ही हैं, शालीनता और नैतिकता की भी धज्जियां उड़ाते हैं। चूंकि इस सबसे उन्हें प्रचार और पैसा मिलता है, इसलिए वे और अधिक बेलगाम हो जाते हैं। इसी का नतीजा है कि अश्लील ऑनलाइन सामग्री बढ़ती जा रही है ।इसका ही उदाहरण इंडियाज गाट लेटेंट नामक यूट्यूब कार्यक्रम पर देखने को मिला। इससे लोगों का आक्रोशित होना स्वाभाविक था। इसे लेकर पुलिस ने भी अपने स्तर पर कार्रवाई शुरू की। इस पर ऐसे तर्कों के आधार पर आपत्तियां उठीं कि क्या अभद्र टिप्पणी करने वालों को जेल में डाल देने से देश की सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा ?प्रश्न यह है कि क्या ऑनलाइन अभद्रता से मुंह मोड़ लेने से सब कुछ सही हो जाएगा ? यदि देश में कुछ गंभीर समस्याएं हैं तो इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि ऑनलाइन फूहड़ता को बेरोक-टोक चलने दिया जाए। स्पष्ट है कि सरकार को यह देखना ही होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ऑनलाइन फूहड़ता अनियंत्रित न होने पाए ।इसके लिए उसे प्रभावी दिशानिर्देश बनाने और उनके पालन के उपाय करने के साथ ऑनलाइन प्लेटफार्म का संचालन करने वाली कंपनियों को भी जवाबदेह बनाना होगा।

## आज का विचार







**मेष :** मेष राशि के जातको के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 मिला जुला रहने वाला है. पारिवारिक जीवन में खुशहाली आएगी. आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी. वरिष्ठ सदस्य आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे. आपके कामों की सराहना होगी.

**वृषभ :** वृषभ राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आप अपने अनावश्यक खर्चों पर पूरा ध्यान दें.

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 नई-नई योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा. आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोले. मित्रों व परिवार के सदस्यो के साथ आप कुछ समय बिताएंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होगी.

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 सावधान रहकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपका आत्मविश्वास भरपूर रहेगा. आर्थिक मामलों में आपको पूरा ध्यान देना होगा. आप चुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान दें. आपका बिजनेस पहले से बेहतर रहेगा. किसी अजनबी पर आप भरोसा ना करें. आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी. प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा.

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों को आज किसी अजनबी पर भरोसा सोच समझ कर करना होगा. शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा. पढ़ाई लिखाई में यदि समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर होगी.

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 चुनौती पूर्ण रहने वाला है. परिवार में सदस्यों में आपसी सांमाजस्य की कमी रहने के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे. आप अपने घर में सुख सुविधाओं पर पूरा ध्यान देंगे.

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 अनुकूल रहने वाला है. जीवनसाथी के साथ रिश्ते मधुर होंगे. दोनों एक दूसरे के साथ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे. तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी. आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है.

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 मानसिक शांति दिलाने वाला रहेगा. आपके कुछ अनावश्यक खर्च आपको परेशान करेंगे.

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा. आपको सरकारी नौकरी में ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी.

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए बुधवार, 5 मार्च 2025 किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा. आप अपनी अच्छी सोच का कार्य क्षेत्र में लाभ उठाएंगे. आपको किसी बड़े लक्ष्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है. आपको बाहर के खान-पांच से परहेज रखना होगा.

**कुंभ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन अनुकूल रहने वाला है. आप किसी ने प्रोजेक्ट की शुरूआत कर सकते हैं. परिवार में सुख शांति भरा माहौल रहेगा. प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा था, तो वह बड़े सदस्यों की मदद से दूर होगा. आप खुद को साबित करने की कोशिश में लगे रहेंगे. जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा.

**मीन :** मीन राशि के जातकों को अपनी दिनचर्या को बेहतर रखने की कोशिश करनी होगी और उनकी एक साथ काफी काम हाथ लगने से उनकी व्याख्याता बढ़ेगी. राजनीति में आपको लोगों का जन समर्थन मिलेगा. आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम रखना होगा. आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी. पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# बढ़ रहा भारत का अंतरराष्ट्रीय कद, मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों ने देश को नई दिशा दी

> इस प्रकार भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन और एआइ-मशीन लर्निंग रिसर्च को बढ़ावा देने से यह संकेत मिलता है कि भविष्य में भारत टेक्नोलाजी का उपभोक्ता के साथ-साथ वैश्विक आपूर्तिकर्ता भी बनेगा। बीते एक दशक में भारत ने केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि कूटनीति और वैश्विक राजनीति में भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत न केवल विकास की नई परिभाषाएं गढ़ रहा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी एक शक्ति के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मोदी सरकार की निर्णायक नीतियां, प्रगतिशील दृष्टिकोण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली कार्यशैली ने भारत को उन्नति की ओर अग्रसर कर दिया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने से पहले रुकने वाला नहीं है। हाल में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, जनकल्याणकारी केंद्रीय बजट, मध्यवर्ग के लिए कर राहत, फ्रांस में आयोजित एआइ सम्मेलन में भारत की प्रभावशाली भागीदारी, मोदी का अमेरिका दौरा और यूरोपीय संघ (ईयू) के दृष्टिकोण में भारत का बढ़ता महत्व देश के प्रभुत्व में हुई वृद्धि को प्रमाणित करता है। आज दुनिया के कई हिस्सों में फैली अशांति और युद्ध की स्थिति में भारत हमेशा से शांति के पक्ष में दिखाई दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है कि दुनिया का भविष्य शांति और सहिष्णुता के सिद्धांतों पर आधारित होगा, तभी सभी देश मिलकर लोगों के कल्याण, सुरक्षा और समृद्धि के लिए कार्य कर सकेंगे। यही कारण है कि कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भारत की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। मोदी सरकार ने केंद्र और राजग शासित राज्यों में एक नई



राजनीतिक संस्कृति को जन्म दिया है, जिसका मूलमंत्र सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और गरीब कल्याण है। उसने विकसित भारत, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के जरिये जनभागीदारी को प्राथमिकता दी है। दिल्ली चुनाव में भाजपा की सफलता इसका प्रमाण है कि जनता अब केवल मुफ्त योजनाओं पर निर्भर नहीं रहना चाहती, बल्कि ठोस विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दों के साथ विश्वसनीय नेतृत्व और परफार्मेंस आफ पालिटिक्स को प्राथमिकता दे रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पूर्व दो चुनावों की अपेक्षा भाजपा को कम सीटें मिलीं, जिसके पीछे विपक्ष द्वारा संविधान और आरक्षण को लेकर फैलाया गया भ्रम था। चुनाव के तुरंत बाद जनता ने समझ लिया कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति देश के विकास में बाधक है और हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली की जनता का जनादेश इसका संकेत कर रहा है कि जनता अब बेहद जागरूक होकर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए मतदान कर रही है। आज भारत केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि तकनीकी क्रांति में अग्रणी योगदान भी दे रहा है। हाल में फ्रांस में आयोजित एआइ सम्मेलन में भारत की भागीदारी से स्पष्ट हुआ कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहा है। इस सम्मेलन में भारत और फ्रांस के बीच एआइ आधारित रक्षा और साइबर सुरक्षा साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सहमति बनी। उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी की हुई अमेरिका यात्रा केवल एक द्विपक्षीय बैठक नहीं थी, बल्कि भारत की कूटनीतिक शक्ति के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम भी थी। उस यात्रा में अमेरिका की प्रमुख कंपनियों ने भारत में 50 अरब डालर के निवेश की घोषणा की। रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इससे साफ होता है कि भारत-अमेरिका संबंध अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे रणनीतिक गठबंधन का रूप ले चुके हैं। यह गठबंधन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यूएस-इंडिया ट्रस्ट पहल की भी शुरूआत की घोषणा की गई। यह रक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अहम प्रौद्योगिकियों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को प्रेरित करेगी। इसके अंतर्गत वर्ष के अंत तक एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है। भारत अगले दो वर्षों में 44 हजार करोड़ केवल टेक्नोलाजी क्षेत्र में निवेश करने की योजना पर भी काम कर रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार तो मिलेगा ही साथ में एआइ के क्षेत्र में भारत दुनिया का नेतृत्व भी करता हुआ दिखाई देगा। इस प्रकार भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन और एआइ-मशीन लर्निंग रिसर्च को बढ़ावा देने से यह संकेत मिलता है कि भविष्य में भारत टेक्नोलाजी का उपभोक्ता के साथ-साथ वैश्विक आपूर्तिकर्ता भी बनेगा। बीते एक दशक में भारत ने केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि कूटनीति और वैश्विक राजनीति में भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। कॉप-26 में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हो अथवा वित्त वर्ष 2023-24 में 800 अरब डालर से अधिक का निर्यात, इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार में मजबूत हो रही है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं, जिससे वह अब दुनिया के हथियार निर्यातक देशों में शामिल हो रहा है। साफ है मोदी सरकार की आर्थिक नीतियां, तकनीक के क्षेत्र में प्रगति, कूटनीतिक कौशल और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत को एक नई दिशा दी है। आने वाले वर्षों में भारत न केवल एक उभरती हुई शक्ति रहेगा, बल्कि एक स्थापित वैश्विक ताकत के रूप में अपनी स्थिति और सुदृढ़ करेगा।

# महिलाओं के लिए सुख की परिभाषा बदलने वाली महिला



कल्पना पांडे



1929 में अमेरिका के विचिटा में जन्मी बेट्टी डॉडसन (पीएच.डी.) ऐसे दौर में बड़ी हुईं जब खुले रूप से यौन विषयों पर चर्चा करना लगभग वर्जित था। एक रूढ़िवादी परिवार में पली-बढ़ी बेट्टी ने जल्द ही समझ लिया कि इच्छा और आत्म-संतोष से जुड़े प्रश्नों का उत्तर या तो चुप्पी से दिया जाता है या फिर डांट-फटकार से। कंसास के विचिटा में स्थित एक छोटे और पारंपरिक शहर में उनका बचपन बीता, जहाँ उन्होंने बचपन से ही चित्रांकन और पेंटिंग के प्रति गहरी रुचि विकसित कर ली। 18 वर्ष की उम्र तक पहुँचते-पहुँचते वह फैशन इलस्ट्रेटर के रूप में अपने परिवार की आमदनी में योगदान देने लगी थीं।

1950 में न्यूयॉर्क जाने के बाद, डॉडसन ने आर्ट स्टूडेंट्स लीग ऑफ न्यूयॉर्क में प्रसिद्ध चित्रकार फ्रैंक जे. राइली के मार्गदर्शन में अध्ययन किया और फिगर ड्राइंग में अपने कौशल को निखारा। न्यूयॉर्क में उनके शुरूआती वर्ष कला संबंधी प्रयासों से भरे रहे-उन्होंने दीघाओं में कामुक कला का प्रदर्शन किया और एक चित्रकार के रूप में अपनी प्रतिभा को संवारा। हालाँकि उनकी कामुक कला को मुख्यधारा में अधिक स्थान नहीं मिला, लेकिन उन्होंने पारंपरिक तकनीकों को साहसिक रूप से महिला यौन अभिव्यक्ति के चित्रण के साथ जोड़ा। जैसे-जैसे वह शहर के रचनात्मक और वैकल्पिक सांस्कृतिक वातावरण में गहरी उतरती गईं, उन्होंने महिलाओं पर थोपे गए कठोर सामाजिक मानकों पर भी सवाल उठाने शुरू कर दिए। उनकी प्रदर्शित कलाकृतियाँ मानवीय शरीर का निर्भीक उत्सव थीं, ऐसे समय में जब इस तरह की चित्रकारी को प्रायः सेंसर कर दिया जाता था। आगे चलकर उनकी कलात्मक दृष्टि और यौन शिक्षा का संगम हुआ, जहाँ उन्होंने रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से महिला शरीर संरचना और यौनता को समझने और उसे सहज रूप से स्वीकारने का प्रयास किया।

उन्होंने एक विज्ञापन कार्यकारी से विवाह किया, लेकिन यौन असंगति के कारण यह रिश्ता तलाक में समाप्त हुआ। 20वीं सदी के मध्य के अमेरिका में, विशेष रूप से महिलाओं के लिए, तलाक समाज में एक बड़ा कलंक माना जाता था। कामुक विषयों पर केंद्रित एक कलाकार के रूप में डॉडसन का करियर 1960-70 के दशक के पुरुष-प्रधान कला जगत से टकराव में रहा, जहाँ उनकी कला को गंभीरता से नहीं लिया गया और इसे अश्लीलता की श्रेणी में रखा गया। इसके अलावा, उनका प्रतिनिधानात्मक (रियलिस्टिक) चित्रण उस दौर के अमूर्त (एब्सट्रैक्ट) कला प्रवृत्तियों से मेल नहीं खाता था, जिससे उनकी पहचान सीमित हो गई। जब उनका कला करियर अस्थिर होने लगा, तो उन्होंने स्वतंत्र रूप से अंतर्वस्त्र इलस्ट्रेटर के रूप में काम किया। यह काम उन्हें रचनात्मक रूप से संतोषजनक नहीं लगा, लेकिन जीविका चलाने के लिए आवश्यक था। अंतर्वस्त्र विज्ञापनों के अलावा, उन्होंने बच्चों की किताबों के लिए चित्र बनाए और 1960 के दशक में एस्क्वायर और प्लेबॉय जैसी पत्रिकाओं के लिए भी काम किया। हालाँकि, बाद में उन्होंने प्लेबॉय की आलोचना की, यह कहते हुए कि पत्रिका महिलाओं को पुरुषों की नजर से वस्तु के रूप में प्रस्तुत करती थी।

1960 के दशक के मध्य में तलाक के बाद, उन्होंने ₹यौन आत्म-खोज₹ की यात्रा शुरू की-एक ऐसा प्रयास जिससे वह उन सुखों को समझने और पुनः पाने की कोशिश कर रही थीं जिन्हें लंबे समय तक नकारा या दबाया गया था। उनकी यात्रा एक पारंपरिक, यौन-विहीन विवाह से लेकर आत्म-खोज के लिए समर्पित जीवन तक फैली हुई थी-जो उनकी कहानी का कम चर्चित, लेकिन बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। व्यक्तिगत रूप से यौन दमन और सामाजिक आलोचना का सामना करने के अनुभव ने उनके अंदर यौन स्वतंत्रता के प्रति आजीवन समर्पण की भावना पैदा की, जो आगे चलकर उनके जीवन का केंद्रीय उद्देश्य बन गया।

बेट्टी डॉडसन के व्यक्तिगत संघर्षों ने अंततः उन्हें बॉडीसेक्स नामक कार्यशालाओं की श्रृंखला बनाने के लिए प्रेरित किया-जिसने महिलाओं की यौनता को देखने और अनुभव करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया। इन कार्यशालाओं में डॉडसन ने कहानी कहने की तकनीक का उपयोग करके महिलाओं को यौन शर्म से मुक्त होने में मदद की। ये सत्र महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और गैर-आलोचनात्मक स्थान प्रदान करते थे, जहाँ वे अपने शरीर को सहजता से खोज सकती थीं और किसी अपराधबोध के बिना चरमसुख को अपना सकती थीं। डॉडसन के इस नवाचार में भगशेफ (क्लिटोरल) उत्तेजना, एक हिटाची मैजिक वैंड (वाइब्रेटर), योनि प्रवेश के लिए एक विशिष्ट धातु का रेस्टिंग डिल्डो, सचेत श्वास (कांशस ब्रीदिंग), और श्रोणि (पेल्विक) गति को शामिल किया गया-जो आत्म-संतोष को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए थे। वैज्ञानिक शोधों ने उनकी इस विधि को मान्यता दी है, जिसमें पाया गया कि पहले कभी चरमसुख (ओर्गैज्म) न प्राप्त कर पाने वाली 93% महिलाओं ने उनकी तकनीक को अपनाकर इस सुख को प्राप्त किया। महिलाओं को अपने शरीर को समझने और प्रेम करने की शिक्षा देकर, डॉडसन ने उन्हें उन सामाजिक ताकतों का विरोध करने के लिए सशक्त किया जो महिला यौनता को नियंत्रित करने की कोशिश करती हैं ।अनेक महिलाओं को ये बचपन से सिखाया जाता था, कि स्वयं को छूना ये छिपाने योग्य या यहाँ तक कि निंदनीय कार्य है। डॉडसन ने महसूस किया कि यह आत्मसात की गई शर्म यौन स्वतंत्रता की सबसे बड़ी बाधाओं में से एक थी। अपने अतीत का सामना करके और अपनी इच्छाओं को पूर्ण रूप से अपनाकर, उन्होंने अनगिनत महिलाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया। उनकी कार्यशालाएँ केवल तकनीकों को सीखने तक सीमित नहीं थीं; वे एक पूरी उम्र के आत्म-दमन को तोड़ने और गरिमा एवं स्वायत्तता को पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया थीं। आत्म-संतोष से जुड़े भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक लाभों पर उनकी खुली बातचीत उन महिलाओं के साथ गहराई से जुड़ी, जो पारंपरिक यौन शिक्षा से स्वयं को लंबे समय से उपेक्षित और अलग-थलग महसूस कर रही थीं। डॉडसन का मानना था कि हस्तमैथुन कोई एकांत में किया जाने वाला और शर्मनाक कार्य नहीं है, बल्कि यह आत्म-देखभाल (सेल्फ-केयर) का एक स्वाभाविक और सशक्त रूप है। अपनी शिक्षाओं के माध्यम से, उन्होंने महिलाओं को यह समझाने का प्रयास किया कि उनके शरीर केवल बाहरी नियंत्रण का साधन नहीं हैं।

# धर्मनिरपेक्षता देश की रक्त प्रवाहिका

संजीव ठाकुर

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत है धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है ।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है ।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों, मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था, और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है

# अबु आजमी इतिहास लिखते हैं क्या? ऐसे आदमी को...
## औरंगजेब वाले बयान को लेकर भड़के संजय राउत

- शिवसेना नेता संजय राउत ने आजमी को गंभीरता से न लेने की बात कही

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई : औरंगजेब पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी की टिप्पणी पर महाराष्ट्र में सियासी घमासान शुरू हो गया है। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में उनके बयान को लेकर घमासान हुआ। इसी बीच संजय राउत का भी बयान आया है। उन्होंने अबु आजमी पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें गंभीरता से लेने से जरूरत नहीं है। उन्हें महत्व देने की जरूरत नहीं है। वह कोई इतिहास संसोधक नहीं है। उद्धव ठाकरे शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा, 'क्या जरूरत है अबु आजमी जैसे आदमी को इतनी अहमियत देने की। देखिए... अबु आजमी क्या हिस्ट्री लिखते हैं? क्या अबु आजमी इतिहास संशोधक है? उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। 'इंडिया' वाले उनको बहुत महत्व देते हैं।'

### ठाणे में अबु आजमी के खिलाफ एफआईआर

इधर ठाणे में वागले एस्टेट पुलिस ने समाजवादी पार्टी विधायक अबू आसिम अजमी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ में कुछ बातें कही थीं। इन बातों से हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ केस

भाजपा सांसद नरेश गणपत म्हस्के और शिवसेना नेताओं ने ठाणे के वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# धनंजय मुंडे ने महाराष्ट्र के मंत्री पद से इस्तीफा दिया, सरपंच हत्याकांड में जुड़ा था नाम
## मुख्यमंत्री फडणवीस ने राज्यपाल को भेजा इस्तीफा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। एनसीपी विधायक और मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इस्तीफा आगे की कार्रवाई के लिए राज्यपाल को भेज दिया गया है। धनंजय मुंडे ने अपने इस्तीफे में बीड सरपंच संतोष देशमुख की हत्या पर दुख जाहिर किया। कहा जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस ने आनन-फानन में मीटिंग बुलाकर उन्हें तत्काल इस्तीफा देने को कहा था। जिसके बाद उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया, लेकिन खास बात है कि उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है।



### धनंजय मुंडे ने क्या लिखा

इस्तीफा देने के बाद धनंजय मुंडे ने अपने एक्स अकाउंट में लिखा, 'पहले दिन से ही मेरी यह दृढ़ मांग रही है कि संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। कल जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है और आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया गया है। न्यायिक जांच का भी प्रस्ताव है।' धनंजय मुंडे ने आगे कहा, 'चूंकि पिछले कुछ दिनों से मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। डॉक्टर ने मुझे अगले कुछ दिनों तक उपचार कराने की सलाह दी है। अतः चिकित्सीय कारणों से मैंने मंत्रिमंडल से अपना त्यागपत्र दे दिया है। इसे मुख्यमंत्री को दे दिया गया है।' क्या है संतोष देशमुख हत्याकांड का मामला यह पूरा मामला मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी से जुड़ा है। बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच देशमुख की 9 दिसंबर को हत्या कर दी गई थी। उन्होंने गांव में पवन चक्कियां लगाने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली का विरोध किया था। जनवरी में वाल्मीकि कराड को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। कराड पर दो करोड़ रुपये की जबरन वसूली का आरोप है। यह मामला बीड जिले में एक सरपंच की हत्या से भी जुड़ा हुआ है।

### उद्धव ठाकरे सेना ने साधा निशाना

शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने इस इस्तीफे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि सरकार ने मुंडे को लंबे समय तक बचाया और उनका बचाव किया। पर अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'अब बहुत देर हो चुकी है।

फास्ट ट्रैक

# मुंबई के प्रसिद्ध स्पिनर पद्माकर शिवलकर का निधन, 84 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

- 84 वर्ष की आयु में पद्माकर शिवलकर का निधन
- 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए
- मुंबई क्रिकेट में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : फेमस स्पिनर पद्माकर शिवलकर का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। भारत के लिए कभी नहीं खेले पाने वाले सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में शामिल शिवालकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया और 48 साल की उम्र तक खेलना जारी रखा। उन्होंने भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में 361 विकेट लिए जिसमें ग्यारह बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल हैं। शिवालकर ने 12 लिस्ट ए मैचों 16 विकेट लिए है। मिला था लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड पद्माकर शिवलकर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 2017 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है। पद्माकर शिवालकर सर का खेल में योगदान, खासकर अब तक के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से एक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।' अजिंक्य नाइक ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट पर उनका समर्पण, कौशल और प्रभाव अद्वितीय है। उनका निधन क्रिकेट जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी आत्मा को शांति मिले। नहीं बन पाए इंटरनैशल खिलाड़ी स्पिनर पद्माकर शिवलकर उन दुर्भाग्यशाली खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें अपनी क्षमता के बावजूद राष्ट्रीय टीम में मौका नहीं मिला। शिवालकर ने 1970 और 1980 के दशक में घरेलू क्रिकेट में मुंबई के प्रभुत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीन दशकों तक मुंबई के लिए खेले तीन दशकों तक मुंबई के लिए खेलने वाले शिवलकर ने 124 प्रथम श्रेणी और 12 प्रथम श्रेणी 'ए' मैचों में दबदबा बनाया और 13 बार एक मैच में 10 विकेट लिए। उन्होंने कुल 605 बल्लेबाजों को आउट किया (रणजी ट्रॉफी में 589)। इस प्रतियोगिता में उन्होंने 42 बार आधी टीम को टेंट में भेजा। उन्होंने एक मैच में दस विकेट लेने का कारनामा 13 बार किया। शिवालकर, जिन्होंने अपना पहला रणजी मैच 1961-62 सत्र में खेला था, ने अपना अंतिम प्रथम श्रेणी मैच 1987-88 में 47 वर्ष की आयु में खेला था। शिवाजी पार्क जिमखाना में निभाया अहम रोलसिद्धार्थ कॉलेज के लिए खेलने वाले शिवलकर ने मुंबई में टाटा स्पोर्ट्स और शिवाजी पार्क जिमखाना के क्रिकेट प्रभुत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1972 में शेष भारत टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने 77 रन देकर पांच विकेट लिए, जिनमें एकनाथ सोलकर, विश्वनाथ, सैयद आबिद अली और सैयद किरमानी के विकेट शामिल थे।

# महाप्रबंधक, मध्य रेल द्वारा 11 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाप्रबंधक ने सीएसएमटी स्टेशन के विस्तार और रीमॉडलिंग के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्य रेल की महिला इंजीनियर को सम्मानित किया

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने दिनांक 04.03.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक समारोह में 11 मध्य रेल, कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया, जिसमें मुंबई मंडल के 4, पुणे मंडल के 3, सोलापुर मंडल के 2, भुसावल मंडल के 1 और नागपुर मंडल के 1 कर्मचारी शामिल हैं।

महाप्रबंधक ने 24 कोच वाली ट्रेनों को समायोजित करने के लिए सीएसएमटी प्लेटफॉर्म नंबर 12/13 के प्लेटफॉर्म विस्तार और रीमॉडलिंग के कार्य के दौरान उनके समर्पित कार्य और उत्कृष्ट योगदान के लिए कल्याण के सिग्नल एवं दूरसंचार (निर्माण) की जूनियर इंजीनियर कुमारी साक्षी गुप्ता को भी सम्मानित किया। उन्हें पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य का प्रशस्ति पत्र और ?2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।

पुरस्कार विजेताओं का विवरण

मुंबई मंडल

1. श्री एस त्रिनाथ राव, मोटरमैन, पनवेल, मुंबई दिनांक 30.01.2025 को ठाणे-पनवेल लोकल में ड्यूटी के दौरान, रेलवे ट्रैक से पनवेल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर चढ़ने की कोशिश कर रहे एक दिव्यांगजन को देखा। श्री राव ने उस व्यक्ति को सचेत करने के लिए हूटर बजाया और तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को सुरक्षित दूरी पर रोक दिया। उनकी सतर्कता और सूझबूझ ने एक जीवन बचाने और एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना को रोकने में मदद की।

2. श्री अजाब जंगलू बंते, मोटरमैन, कल्याण, मुंबई, दिनांक 17.01.2025 को मुलुंड-ठाणे लोकल में ड्यूटी के दौरान, किलोमीटर-31/312 पर रेलवे ट्रैक पर 3 से 4 लोहे की छड़ें पड़ी देखीं। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन को सुरक्षित दूरी पर रोक दिया। उनकी सतर्कता और सूझबूझ ने एक संभावित दुर्घटना को बचाने में मदद की और ट्रेन में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

3. श्री प्रियांशु, जूनियर इंजीनियर (एस एंड टी), दादर, मुंबई ने दिनांक 28.01.2025 को ड्यूटी के दौरान किलोमीटर 9/213 पर रेल फ्रैक्चर देखा। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और अपने गहन अवलोकन कौशल के कारण संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

4. श्रीमती रूपाली कदम, हवलदार, जीआरपी, वडाला रोड रेलवे पुलिस स्टेशन, मुंबई ने 06.02.2025 को चूनाभट्टी स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान देखा कि ट्रेन से उतरते समय एक महिला यात्री का कपड़ा ट्रेन में खड़ी एक अन्य महिला के बैग में उलझ गया था। ट्रेन चलने लगी और उतरी हुई यात्री को घसीटा जा रहा था। श्रीमती रूपाली ने तुरंत कार्रवाई की और उतरी हुई यात्री को सुरक्षित करते हुए बचाया। उनकी त्वरित सोच और सूझबूझ ने एक जीवन बचाने और एक अप्रिय घटना को टालने में मदद की।

पुणे मंडल

5. श्री सुदर्शन कुमार, लोको पायलट (माल), मिरज, पुणे ने दिनांक 31.01.2025 को मालगाड़ी पर ड्यूटी पर थे। जैसे ही ट्रेन नीरा स्टेशन पर पहुँची, उन्हें ऑन पोजीशन में होम सिग्नल पार करने की अथॉरिटी दी गई। श्री सुदर्शन कुमार ने देखा कि सिग्नल पार होने के बाद संबंधित लाइन के लिए पॉइंट सेट नहीं किया गया है। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन रोक दी। सिग्नल को सही कियो उनकी सतर्कता के कारण एक संभावित दुर्घटना टल गई।

6. श्री सतीश कुमार प्रजापति, लोको पायलट (माल), घोरपडी, पुणे, दिनांक 09.02.2025 को मालगाड़ी पर ड्यूटी पर थे। मिरज-पुणे सेक्शन पर, श्री प्रजापति ने देखा कि सड़क यातायात के लिए एक लेवल क्रॉसिंग गेट खुला था। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन रोक दी और उनकी सतर्कता के कारण संभावित दुर्घटना टल गई।

7. श्री एस आर पठारे, मोटरमैन, पुणे, दिनांक 05.02.2025 को ड्यूटी पर थे। जैसे ही ट्रेन मलवली स्टेशन पर पहुँची, उन्हें ऑन पोजीशन में होम सिग्नल पार करने की अथॉरिटी दी गई। जैसे ही ट्रेन होम सिग्नल पार कर गई, श्री पठारे ने देखा कि संबंधित लाइन के लिए पॉइंट सेट नहीं किया गया है। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन रोक दी। मामले को ठीक किया गया और उनकी सतर्कता के कारण संभावित दुर्घटना टल गई।

सोलापुर मंडल

8. श्री मनीष राज, डिप्टी स्टेशन मैनेजर, मरतुर, सोलापुर, दिनांक 14.01.2025 को ड्यूटी पर थे, उन्होंने देखा कि रिले रूम के एसी स्टेबलाइजर में आग लग गई थी। उन्होंने तुरंत अग्निशामक यंत्र से आग बुझाई और एक अप्रिय घटना को होने से रोका, जिससे जान-माल का नुकसान होने से बच गया।

9. श्री कुमार अमन राज, लोको पायलट (माल), वाडी, सोलापुर, दिनांक 16.01.2025 को मालगाड़ी पर ड्यूटी के दौरान रेलवे ट्रैक के पास उठे हुए हिस्से पर एक ट्रैक्टर को चलते हुए देखा, जिससे उसकी पकड़ छूट गई और वह रेलवे ट्रैक पर गिर गया, उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन को रोक दिया और उनकी सतर्कता के कारण संभावित दुर्घटना टल गई।

भुसावल मंडल

10. श्री श्याम वाघमारे, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, पीडब्ल्यूआई, भुसावल, दिनांक 03.02.2025 को ड्यूटी के दौरान, झेलम एक्सप्रेस में एक हॉट ऐक्सल और एक क्षतिग्रस्त ऐक्सल देखा। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और इस तरह एक संभावित दुर्घटना टल गई।

नागपुर मंडल

11. श्री विकास कुमार, पॉइंट्समैन, दीपोरी, नागपुर, दिनांक 03.12.2024 को ड्यूटी के दौरान, सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान ट्रेन नंबर 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के एक कोच के एक्सल से एक बोल्ट गायब देखा। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और इस तरह एक संभावित दुर्घटना टल गई। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए तथा उनके कर्तव्यों के प्रति उनकी सजगता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सजगता, बहादुरी और समर्पण के ऐसे कार्य अन्य लोगों को भी यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने तथा जान, माल और रेलवे संपत्ति की हानि को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रेलवे सुरक्षा आयुक्त श्री मनोज अरोड़ा द्वारा मनमाड़-जलगांव तीसरे मार्ग का गहन निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



दिनांक 4 मार्च 2025 को रेलवे सुरक्षा आयुक्त, सेंट्रल सर्कल, श्री मनोज अरोड़ा ने मनमाड़-जलगांव तीसरे मार्ग का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा उपायों का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने गालन और नगरदेवळा स्टेशनों के बीच स्थित पुल संख्या 356/1 और पुल संख्या 354/3 के साथ-साथ वक्र संख्या 75इ के तीसरे मार्ग तथा पुल संख्या 359/01 का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, पाचोरा-गालन खंड के पुल संख्या 365/2 और पाचोरा स्टेशन की भी विस्तार से जांच की गई। कजगांव स्टेशन पर स्टेशन कार्यालय, रिले रूम और स्टेशन परिसर का भी गहन निरीक्षण किया गया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान, भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, निर्माण विभाग के उपमुख्य अभियंता तथा भुसावल मंडल की संबंधित शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सुरक्षा उपायों और संरचनाओं की बारीकी से जांच कर तीसरे मार्ग की दक्षता को बढ़ाने हेतु आवश्यक सुधारों और उपायों पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां दर्ज की गईं। रेलवे की सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु यह निरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, जिसमें विभिन्न तकनीकी एवं संरचनात्मक पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

# करुणा से शादी नहीं...लिव इन में हुए बच्चे, धनंजय मुंडे ने बांद्रा कोर्ट के फैसले को दी चुनौती

- पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे करुणा शर्मा विवाद
- मुंडे ने बांद्रा कोर्ट के फैसले को दी चुनौती
- करुणा शर्मा से कभी विवाह नहीं हुआ:मुंडे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के बीड सरपंच हत्याकांड में मंत्री पद गंवाने वाले एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने करुणा शर्मा को पत्नी मानने से इनकार कर दिया है। धनंजय मुंडे में मुंबई की फैमिली कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देते हुए कहा कि वह मुआवजा नहीं दे सकता हैं। निचली कोर्ट ने घरेलू हिंसा के इस मामले में सुनवाई के बाद एक अंतरिम आदेश पारित किया था। कोर्ट ने कहा था कि मुंडे करुणा शर्मा को बतौर गुजारा भत्ता दो लाख रुपये महीने दें। अब मुंडे ने बांद्रा फैमिली कोर्ट के उस फैसले को सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। मुंडे ने बीड के मासजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में घिरने के बाद मंगलवार सुबह मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

### सरपंच हत्या मामले में इस्तीफा

मुंडे ने मृतक बीड जिले का किसान था। पहले दिन से ही मेरी यह दृढ़ मांग रही है कि संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। कल जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। दिमागी तौर पर पिछले कुछ दिनों से मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तथा डॉक्टर ने मुझे अगले कुछ दिनों तक उपचार कराने की सलाह दी है, अतः चिकित्सीय कारणों से मैंने मंत्रिमंडल से अपना त्यागपत्र दे दिया है। तो वहीं दूसरी करुणा शर्मा खुद के आगे मुंडे सरनेम लगाती हैं। वह कहती आई हैं कि वही मुंडे की दूसरी पत्नी हैं। करुणा का दावा है कि वह मुंडे की पहली पत्नी हैं जबकि मुंडे की तरफ से अधिवक्ता सयाली सावंत ने दायर याचिका में कहा कि बांद्रा फैमिली कोर्ट के मजिस्ट्रेट ने अपने विवेक का उपयोग नहीं किया और अंतरिम भरण-पोषण देने का मनमाना आदेश पारित कर दिया। मुंडे का दावा है कि एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान उनका परिचय करुणा शर्मा से हुआ था और फिर बाद में लगातार बातचीत होने से एक व्यक्तिगत संबंध बन गया। इसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से इस रिश्ते को आगे बढ़ाने का फैसला किया था।

### करुण ने सहमति से बनाए थे रिश्ते

सेशन कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 मार्च तक के लिाग स्थगित कर दी और उन्हें अगली तारीख से पहले जवाब की एक प्रति पेश करने का निर्देश दिया है। करुणा को मेरी पहली शादी के बारे में जानकारी थी।

मुंडे ने याचिका में कहा कि करुणा के साथ रिश्ते से उनके दो बच्चे पैदा हुए लेकिन उन्होंने बच्चों के केवल आधिकारिक दस्तावेज में पिता के तौर पर अपने नाम व उपनाम के इस्तेमाल की अनुमति दी है। मुंडे ने यह दावा किया कि करुणा को मेरी मौजूदा शादी के बारे में पूरी जानकारी थी और उन्होंने उनके साथ स्वेच्छा से संबंध बनाने का फैसला किया। जब वे अपने आधिकारिक आवास पर पहली पत्नी राजश्री मुंडे के साथ रहने लगे तो करुणा के व्यवहार में काफी बदलाव आया।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी और 4 जोड़ी होली एवं ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर और 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09075/09076 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम (साप्ताहिक) सुपरफास्ट स्पेशल [32 फेरे] ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 मार्च से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.55 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 मार्च से 26 जून 2025 तक चलेगीयह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, डकनिया तलाव, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायू, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेरी, किच्छा, लालकुआ और हलद्वानी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09185/09186 मुंबई सेंट्रलझकानपुर अनवरगंज (साप्ताहिक) सुपरफास्ट स्पेशल [34 फेरे] ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक रविवार को मुंबई सेंट्रल से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15.35 बजे कानपुर अनवरगंज पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 मार्च से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को कानपुर अनवरगंज से 18.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.55 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 मार्च से 30 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, डकनिया तलाव, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जंक्शन, मथुरा कैंट, हाथरस सिटी, कासगंज, फरुखाबाद, कन्नौज और बिल्हौर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09059/09060 उधना- खुर्दा रोड (साप्ताहिक) स्पेशल [16 फेरे] ट्रेन संख्या 09059 उधना-खुर्दा रोड स्पेशल प्रत्येक बुधवार को उधना से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.30 बजे खुर्दा रोड पहुँचेगी। यह ट्रेन 12 मार्च से 30 अप्रैल, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09060 खुर्दा रोड-उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को खुर्दा रोड से 02.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.30 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 14 मार्च से 2 मई 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, धरनगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, तुमसर रोड, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर और बालूगांव स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

4. ट्रेन संख्या 09101/09102 वडोदरा- हरिद्वार (साप्ताहिक) सुपरफास्ट स्पेशल [8 फेरे]

ट्रेन संख्या 09101 वडोदरा-हरिद्वार सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शनिवार को वडोदरा से 16.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 से 29 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09102 हरिद्वार-वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक रविवार को हरिद्वार से 17.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.00 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 से 30 मार्च, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में गोधरा, दाहोद, रतलाम, डकनिया तलाव, गंगापुर सिटी, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, टपरी और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09075, 09185, 09059 एवं 09101 की बुकिंग 06 मार्च, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# 'चल रहा नफरत का माहौल', मथुरा में होली पर मुस्लिमों की एंट्री बैन होने पर भड़के एआईएमआईएम नेता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः होली के दौरान मथुरा में मुसलमानों की एंट्री बैन करने के संतों के आदेश पर सियासत गर्माई हुई है। 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के नेता मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि पूरे देश में नफरत का माहौल चल रहा है। कारोबार में धर्म का कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता भाई जगताप ने कहा कि संतों ने क्या कहा, उसके बारे में मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। लेकिन देश की संस्कृति है कि सभी धर्मों के लोग साथ मिलकर होली, दीपावली या अन्य त्योहार मनाते हैं।

पश्चिम रेलवे

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करने की सूचना

विभागीय रेलवे प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, मुंबई - 400008 द्वारा **ईओआई क्रमांकः डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओसीओएमएम (सीएएमएस)/5/2025 (ई-609301) दिनांकः 28.02.2025** आमंत्रित की जाती है.
पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल को " गैर-किराया राजस्व बढ़ाने हेतु अव्यक्त संसाधनों की पहचान एवं उनका मौद्रिकीकरण करने के लिए परामर्शदात्री सेवाओं की नियुक्ति " में रुचि है. इच्छुक फर्मों/व्यक्तियों/सेवा प्रदाताओं से अनुरोध है कि वे अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) का विवरण पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.wr.indianrailways.gov.in** पर देखें या अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, दूरभाष संख्या 022-67644212 से संपर्क करें.
संबंधित क्षमता रखने वाली इच्छुक फर्मों/व्यक्तियों/सेवा प्रदाताओं को अपने अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) को निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक विवरणों सहित **सीलबंद लिफाफे** में दिनांक **12.03.2025 को अपराह्न 15.00 बजे तक** प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है.
अभिरुचि की अभिव्यक्ति के उत्तर में परामर्शदात्री सेवा हेतु अनुमानित लागत का उल्लेख किया जाना आवश्यक है. यह अनुमानित लागत जीएसटी सहित होनी चाहिए. अभिरुचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव जिस लिफाफे में प्रस्तुत किया जाएगा, उस पर निम्नलिखित अंकित होना चाहिएः
**"पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में गैर-किराया राजस्व बढ़ाने हेतु अव्यक्त संसाधनों की पहचान एवं उनका मौद्रिकीकरण करने के लिए परामर्शदात्री सेवाओं की नियुक्ति."**
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करने की यह सूचना पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.wr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है.
1143

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: X.com/WesternRly

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी ने की समीक्षा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी अशोक शिनगारे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। भारतीय रिजर्व बैंक की अग्रणी बैंक योजना के तहत विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के कार्यान्वयन के समन्वय के लिए जिला स्तर पर बैंकरों के साथ-साथ सरकारी संस्थानों ,विभागों के लिए एक सामान्य मंच के रूप में जिला सलाहकार समितियों की स्थापना सत्तर के दशक की शुरूआत में की गई थी। जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठकों की अध्यक्षता जिलाधिकारी करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, जिला लघु वित्त बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी), आरआरबी पेमेंट बैंक, विभिन्न राज्य सरकार के विभाग और संबंधित संस्थान सहित सभी वाणिज्यिक बैंक समिति के सदस्य हैं। लीड डिस्ट्रिक्ट आफिसर (एलडीओ) समिति के सदस्य के रूप में रिजर्व बैंक का प्रतिनिधित्व करता है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक (एलडीएम) समिति की बैठकें आयोजित करता है ।3 मार्च, 2025 को आयोजित बैठक के लिए अभिषेक पवार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, ठाणे, अरुण बाबू, भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई, सुधांशु कुमार अश्विनी, नाबार्ड, छायादेवी शिसोदे, जिला ग्रामीण विकास प्रणाली, ठाणे, रामेश्वर पाचे, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी, ठाणे, सोनाली देवरे, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, ठाणे, श्रीकांत पठारे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ठाणे, जी.एम.एस. बैंक और ठाणे जिले के विभिन्न बैंक जिला समन्वय अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में जिलाधिकारी शिनगारे ने जिला ऋण आपूर्ति योजना 2024-2025 की विस्तृत समीक्षा की।

# सपा विधायक अबू असीम आजमी के औरंगजेब की प्रशंसा में दिए गए बयान के विरोध में शिवसेना ने अंबरनाथ में जोरदार प्रदर्शन किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा से निर्वाचित समाजवादी पार्टी के विधायक अबू असीम आजमी द्वारा मुगल बादशाह औरंगजेब के विषय में दिए गए बयान से शिवसेना प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोर विरोध दर्ज करते हुए उनके निलंबन की मांग की है। इसी मुद्दे पर अंबरनाथ पूर्व के शिवाजी चौक परिसर में शिवसेना, युवासेना और शिवसेना महिला आघाड़ी ने अबू असीम आजमी के बयान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, महिला आघाड़ी की जिला अध्यक्ष विजय ताई पोटे, मालती पवार, छाया वाघमारे, पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके, संवाद फाउंडेशन प्रमुख सुवर्णा सालुंके, किरण सोनावने, शिवसेना नाका कामगार कार्याध्यक्ष हमीद सैयद, चंद्रकांत मोटे, आजिंक्य पाटिल आदि अन्य कार्यकताओं की उपस्थिति में अबू असीम आजमी के चित्र पर चप्पलों से मारकर विरोध दर्ज किया। जोरदार नारेबाजी करते हुए उनकी घोर आलोचना की। बताते चले कि 3 मार्च को अबू असीम आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उसके शासन काल भारत की सीमाएं अफगानिस्तान और बर्मा तक थी। उस वक्त भारत की जीडीपी 24 प्रतिशत थी और देश सोने की चिड़िया कहलाता था। यद्यपि अपने बयान के प्रति बढ़ते विरोध को देखते हुए उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैने वही कहा जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मैने छत्रपति शिवाजी महाराज, छत्रपति संभाजी महाराज या अन्य किसी महापुरुषों के विषय को कोई टिप्पणी नहीं की है लेकिन फिर भी मेरी बात से किसी की भावना आहत हुई है तो मैं अपने शब्द और बयान वापस लेता हूं।

# फास्ट ट्रैक

## पुवायां में सीमेंट से भरा ट्रक चुराकर भागा चोर

### लालपुर मोड़ पर बिजली के खंभे से टकराया, ग्रामीणों ने पकड़ा

शाहजहांपुर, खुटार में एक अजीब घटना सामने आई। सिकंदराबाद से बलिया जा रहा सीमेंट से भरा ट्रक चोरी हो गया। ट्रक चालक खुटार तिकुनिया पर ट्रक खड़ा कर अपने घर चला गया था। इसी दौरान एक चोर ट्रक लेकर मैलनी रोड से लालपुर गांव की तरफ भागा। लालपुर मोड़ पर रास्ता संकरा होने के कारण ट्रक बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक पलट गया और



बिजली का खंभा भी टूट गया। हादसे के बाद चोर ट्रक छोड़कर भागने लगा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। खेत में काम कर रहे लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चोर को अपनी हिरासत में ले लिया। घटना के कारण गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। खुटार पुलिस पकड़े गए चोर से पूछताछ कर रही है। जांच में यह भी पता चला कि ट्रक चालक खुटार का ही रहने वाला है।

## श्रमिकों की जान से खिलवाड़

### 100 फीट ऊंचे वॉटर टैंक पर बिना सुरक्षा उपकरण काम कर रहे मजदूर

शाहजहांपुर, तिलहर नगर में निमार्णाधीन वॉटर टैंक पर श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। नगर क्षेत्र में दो नए वॉटर टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन टैंकों पर काम कर रहे श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करना पड़ रहा है। नगर पालिका के हॉकी मैदान और तहसील के निकट बन रहे वॉटर टैंक पर श्रमिक बिना हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट के काम कर रहे हैं। लगभग 100 फीट की ऊंचाई पर श्रमिकों का इस तरह काम करना खतरनाक है। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय प्रशासन और वॉटर टैंक निर्माण से जुड़े विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जलकल विभाग के जूनियर इंजीनियर हितेश कुमार ने कहा कि श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। नगर में बढ़ती जल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने इन वॉटर टैंक के निर्माण की योजना बनाई है। लेकिन विकास कार्यों के साथ श्रमिकों की सुरक्षा भी जरूरी है।

## नाबालिग लड़की घर से लापता

### काम पर गई मां को घर पर लटका मिला ताला, पुलिस ने शुरू की तलाश

शाहजहांपुर, नगर क्षेत्र से एक 14 वर्षीय लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना तिलहर नगर के पूर्वी हिस्से के एक मोहल्ले की है। विधवा महिला एक संस्थान में खाना बनाने का काम करती है। वह अपनी नाबालिग बेटी को घर पर छोड़कर काम पर गई थी। जब वह वापस लौटी तो घर का दरवाजा बंद मिला और बेटी गायब थी। चिंतित मां ने पहले मोहल्ले और आसपास अपनी बेटी को खोजा। रिश्तेदारों के यहां भी पता किया। कहीं कोई सुराग नहीं मिलने पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी राकेश के अनुसार महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम लड़की की तलाश में जुटी है।

# जिले में 12 हजार 237 पात्र कातकरी परिवारों को मिलेगा पक्का मकान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, वर्ष 2024-25 के तहत ठाणे जिले के अंबरनाथ, भिवंडी, मुरबाड, शाहपुर और कल्याण तालुका में प्रधान मंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत 13 हजार 032 आदिवासी परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है। पात्र घरकुल लाभार्थियों की संख्या 6 हजार 462 है और घरकुल अनुमोदित लाभार्थियों की संख्या 6 हजार 462 है। कातकरी परिवारों को आश्रय प्रदान करने के लिए जिला परिषद के माध्यम से मिशन मोड में काम किया जा रहा है। भारत के प्रधान मंत्री ने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान शुरू किया है। मिशन का लक्ष्य देश में 75 विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों का विकास करना है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत देश में आदिम जनजाति के पात्र परिवारों के लिए 4.90 लाख लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। सबसे पहले, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत अंबरनाथ, भिवंडी , मुरबाड तालुका की केवल 35 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। हालाँकि, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे की अनुवर्ती कार्रवाई और समय-समय पर जिले के आदिवासी संगठनों द्वारा की गई मांगों के अनुसार उनके विशेष प्रयासों के कारण, केंद्र सरकार के साथ सर्वेक्षण का लिंक फिर से खोल दिया गया है। कातकरी परिवार को इस लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। आज 13 हजार 032 परिवारों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और 12 हजार 237 लाभार्थियों को पात्र बनाया गया है। 9 हजार 687 लाभार्थियों का पंजीकरण पूरा कर लिया गया है, जबकि 6 हजार 462 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी तालुका स्तर की व्यवस्थाओं को इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं कि कोई भी परिवार सर्वेक्षण से वंचित न रहे. जिले के सभी तालुकाओं में युद्ध स्तर पर सर्वे चल रहा है और सर्वे अंतिम चरण में है। बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के मकान बनाने के लिए प्रति परिवार 2.39 लाख रुपये घरेलू सब्सिडी 2.00 लाख रुपये, एसबीएम-जी के तहत 90/95 दिनों के लिए 12 हजार रुपये अकुशल मजदूरी और मनरेगा के तहत लगभग 27 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। इस वर्ष आदिम जनजातियों के पात्र लाभार्थियों को अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए जिला ग्रामीण विकास प्रणाली के माध्यम से एक विशेष प्रयास किया गया है। परियोजना निदेशक छाया देवी शिसोदे ने इस आशय की जानकारी दी है।

# जलभराव से परेशान महिलाओं का विरोध

### रायबरेली में सीएमओ कार्यालय के पास सड़क जाम, पुलिस ने समझाकर खुलवाया रास्ता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, आचार्य द्विवेदी नगर में जलभराव की समस्या से परेशान होकर महिलाओं ने सीएमओ कार्यालय के पास सड़क जाम कर दिया। महिलाओं ने आने-जाने वाले वाहनों को रोककर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने जलभराव की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन का रास्ता चुना। सूचना मिलते ही इंदिरा नगर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिलाओं को समझा-बुझाकर सड़क जाम खुलवाया। प्रशासन ने जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। इस पूरे मामले को लेकर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र के बाहर बता रहा है।

# टीजेएसबी के शरद गांगल नववर्ष स्वागत यात्रा के अध्यक्ष नियुक्त




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , श्री कौपिनेश्वर सांस्कृतिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस वर्ष की रजत जयंती हिंदू नववर्ष स्वागत यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में टीजेएसबी सहकारी बैंक के अध्यक्ष शरद गांगल के नाम की घोषणा की गई है। सोमवार को श्री कौपिनेश्वर मंदिर हॉल में हुई बैठक में इस पर मुहर लगायी गयी। श्री कौपिनेश्वर सांस्कृतिक ट्रस्ट की ओर से हिंदू नववर्ष के अवसर पर 30 मार्च को स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। चूंकि इस वर्ष स्वागत यात्रा का 25वां वर्ष है, इसलिए इस स्वागत यात्रा का विशेष महत्व हो गया है। यात्रा की योजना के लिए सोमवार 3 मार्च को हुई बैठक में टीजेएसबी के शरद गांगल को मुख्य अतिथि घोषित किया गया। बैठक में अध्यक्ष उत्तम जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव ब्रह्मे, कार्यकारी डॉ. अश्विनी बापट, संयोजक तनय दांडेकर, पीतांबरी के रवींद्र प्रभुदेसाई, एसएमसी के सुहास मेहता आदि सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने गांगल को स्वागत यात्रा के अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। एबीवीपी कार्यकर्ता और संघ स्वयं सेवक शरद गांगल वर्तमान में टीजेएसबी बैंक के अध्यक्ष हैं। इसके साथ ही वह सेवा सहयोग की विद्यार्थी सहायता योजना, सहकार भारती के प्रांतीय पदाधिकारी और कई सामाजिक संगठनों के कार्यों की जिम्मेदारी से भी जुड़े हुए हैं। वह मानव संसाधन (एचआर) क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने थर्मैक्स कंपनी में कार्यकारी निदेशक, एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस महाप्रबंधक और कैडबरी, एशियन पेंट जैसी कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। राष्ट्रीय सहकार भारती के महाराष्ट्र क्षेत्र के सदस्य और सिम्बायोसिस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की शैक्षिक परिषद से संबद्ध हैं।

# चौधरी भानु यादव पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ [ उप्र ] , कमासिन ब्लाक के आई का पुरवा स्थित चौधरी भानु यादव पब्लिक स्कूल में प्रथम वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक संजय यादव एवं उनकी माता सुंदरी देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। समाजसेवी मुन्ना यादव, पूर्व प्रधान रामदुलारे यादव, राजू, दिनेश, अमर सिंह यादव, प्रबंधक राजकुमार यादव सहित कई अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन, कविता वाचन और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायिका रुचि यादव और ग्वाल राजेश यादव ने अपने शानदार गायन से माहौल में उत्साह भर दिया। संस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस वार्षिक उत्सव में न केवल बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि अभिभावकों ने भी उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्रथम वार्षिक उत्सव ने पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार किया और इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

# किसान सम्मान निधि चालू करने के नाम पर धन उगाही का भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने किया विरोध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ [ उप्र ], मान्धाता ग्राम सभा गाजीपुर में कृषि विभाग के ब्लाक टैक्निकल मैनेजर बंद किसान सम्मान निधि पुनः चालू करने के नाम पर पांच-पांच सौ रुपए किसानों से मांगने का मामला सामने आया है। जिस्सकी जिलाधिकारी से शिकायत करने की किसानों ने चेतावनी दी है। बताया गया है कि कृषि विभाग के ब्लाक टैक्निकल मैनेजर अमरेश कुमार के इस धन उगाही से नाराज गाजीपुर की जनता ने इसकी शिकायत फोन पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा को दी। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग के ब्लाक टैक्निकल मैनेजर अमरेश कुमार से बात की। उन्होंने इस तरह के भ्रष्ट रवैए पर नाराजगी जताते हुए किसानों के बंद पड़े किसान सम्मान निधि चालू करने की बात कहते हुए कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसकी शिकायत कृषि निदेशक विनोद यादव से करने की चेतावनी दी है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान हित में सराहनीय कार्य किए हैं जिससे किसान बंधुओं में खुशी का माहौल है। इस तरह के भ्रष्ट अधिकारी किसानों की नजर में सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गाजीपुर जनता के विरोध के बाद कृषि विभाग ब्लाक टैक्निकल मैनेजर अमरेश कुमार किसानों का काम किए बगैर चले गए। गाजीपुर के किसान बंधुओं ने कहा कि इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी और कृषि निदेशक से की जायेगी।

# गाजीपुर नहर पटरी की सड़क शीघ्र आवागमन के लिए होगी तैयार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ [उप्र ], मान्धाता गाजीपुर नहर की पटरी वाली सड़क का कायाकल्प लगभग डेढ़ दशक के इंतजार के बाद अंतिम दौर में है जल्दी ही लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सड़क उपलब्ध होगी। संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क पी सी करने का काम शुरू कर दिया गया है और गाजीपुर छोर से काम शुरू हो गया है। विधायक जीतलाल पटेल के प्रयास शुरू हुए इस सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार और सभासद रिजवान अहमद बहुत ही बेहतर ढंग से करवा रहे हैं। गिट्टी और डस्ट के बाद ठंड के चलते पी सी का काम रोका था, सभासद रिजवान अहमद ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा आज सड़क का कार्य शुरू होगा। पी सी से पहले जहां डस्ट कम थी वहां डस्ट डाला गया ,फिर तेल करवा कर पी सी करवाया जा रहा है। इससे पूर्व भी सभासद रिजवान अहमद ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस सड़क के बेहतरीन निर्माण का क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाया था। क्षेत्र के इकलौते ऐसे ठेकेदार रिजवान अहमद होंगे जो स्वयं सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र के लोगों से राफ्ता कायम कर सड़क निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी और उसके बेहतरीन निर्माण का भरोसा दिलाने के साथ साथ सीधे जनता से जुड़े हैं। पिछले डेढ़ दशक से सड़क लगभग सोलह सौ पच्चास मीटर तक गाजीपुर से बुजहा माइनर तक पूरी तरह खराब हो चुकी थी जिससे आवागमन को लेकर बड़ी समस्या थी। विधायक जीतलाल पटेल इस सड़क का संज्ञान लेते हुए इसके मरम्मत कार्य के लिए प्रयासरत थे और सड़क के कायाकल्प की मंजूरी तो मिली। सूत्र बताते हैं कि एक हजार मीटर तक ही मंजूरी मिल पाई थी एक हजार मीटर सड़क मरम्मत के बाद सड़क अधूरी ही रहती और क्षेत्र के लोगों की समस्या बनी रहती। सभासद रिजवान अहमद ने संबंधित विभाग से प्रयास कर इस सड़क को सोलह सौ पच्चास मीटर तक मरम्मत की मंजूरी दिलवाई। फिलहाल आज गाजीपुर नहर की पटरी की सड़क पी सी हो रही है। यह क्षेत्र की जनता के साथ साथ स्कूली बच्चों के लिए किसी खुशी से कम नहीं है।

# मंदिर से दान पात्र और घंटे चोरी का आरोपी गिरफ्तार

### जलालाबाद चोर ने कबूला जुर्म, पैसे और 2 घंटे बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




जलालाबाद, स्थित परशुराम धाम से चोरी का मामला सामने आया है। मंदिर के सेवादार महात्मा लटूरीदास की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंदिर से पीतल के दो घंटे और दान पात्र से रुपए चोरी किए गए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजेंद्र पुत्र रामशरण को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी किए गए 432 रुपए और दोनों पीतल के घंटे बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जब भी पैसों की तंगी महसूस करता था, मंदिर से चोरी करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी जुआरी और शराबी किस्म का व्यक्ति है। महात्मा लटूरीदास के अनुसार, उमरिया खेड़ा भगवान परशुराम से जुड़ी उर्वशी की तपोस्थली है। यहां पांच मंदिर हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। सुनसान जगह होने के कारण चोर अक्सर यहां से सामान चुरा ले जाते हैं। एसआई योगेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अन्य संभावित चोरों की भी तलाश कर रही है।

# तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर किया हमला

### घर से उठाकर 1 किमी दूर ले गया, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना खुटार के कजरा गांव में तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। गुरुदत्त सिंह के घर के बाहर बंधे नेपोलियन नस्ल के कुत्ते को तेंदुआ रात में उठा ले गया। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गुरुदत्त कुत्ते को बांधने बाहर निकले, तो उन्हें जमीन पर खून की लकीर दिखाई दी। वह इस लकीर के निशान पर चलते हुए करीब एक किलोमीटर दूर गए, जहां उन्हें अपने कुत्ते का शव मिला। घर लौटकर जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखी तो पता चला कि तेंदुआ कुत्ते को मुंह में दबाकर घसीटता हुआ ले गया था। गुरुदत्त के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में तेंदुआ गांव के करीब पांच कुत्तों को मार चुका है। उन्होंने कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर आई और बिना कोई कार्रवाई किए लौट गई। डीएफओ से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। गांव के लोग तेंदुए के लगातार हमलों से दहशत में हैं।

# वन विभाग ने बिना नोटिस तोड़ा मकान




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर में वन विभाग की कार्रवाई से एक गरीब परिवार परेशान है। मड़िहान के राहकला गांव के मंगरु राम को सरकार ने 2015 में जमीन का पट्टा दिया था। उनकी गरीबी को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान भी मिला।

मंगरु राम ने अपनी पट्टे वाली जमीन पर मकान बनाना शुरू किया। करीब 9 फुट ऊंची दीवारें खड़ी हो चुकी थीं। इसी दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने बिना कोई नोटिस दिए मकान को ढहा दिया। पीड़ित ने प्रभागीय वन रेंज प्रभारी, फॉरेस्ट गार्ड राजकुमार, वाचर लल्लन चौहान और मुन्ना पांडेय के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने बताया कि उन्हें ग्राम राहकलां में 0.2530 हेक्टेयर जमीन का पट्टा मिला था। लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ने मौके पर जाकर जमीन का नाप-जोख कर कब्जा भी दिला दिया था।

## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प के टैरिफ से अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट

## कनाडा-मेक्सिको पर 25%, चीन पर 10% टैरिफ बढ़ाया; बदले में कनाडा-चीन ने भी टैरिफ लगाए

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई है। अमेरिका का एस एंड पी 500 इंडेक्स 2% तक गिर गया है। ट्रम्प ने मंगलवार से दोनों देशों पर टैरिफ लागू करने ऐलान किया है। इसके अलावा फरवरी में चीन पर लगाए गए 10% टैरिफ को बढ़ाकर 20% कर दिया है। कनाडा और चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया है। कनाडा अगले 21 दिनों में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25% टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरूआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से होगी। चीन 10 मार्च से अमेरिका पर 10% और 15% टैरिफ लगाएगा। अमेरिका के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे सोया, गेहूं, मक्का, कपास पर 15% और पोर्क, बीफ, समुद्री खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर 10% बढ़ाने



का फैसला किया है। ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले तेल और बिजली पर टैरिफ में छूट दी है। अमेरिका इन पर सिर्फ 10% टैरिफ ही लगाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में कहा था कि कनाडा से होने वाले तेल के आयात में छूट दी सकती है। एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका ने कनाडा से हर दिन लगभग 46 लाख बैरल ऑयल और मेक्सिको से 5.63 बैरल ऑयल इम्पोर्ट किया। जबकि उस महीने में अमेरिका का एवरेज डेली प्रोडक्शन लगभग 1.35 करोड़ बैरल प्रतिदिन था। डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रम्प अप्रैल से इसे लागू करने का प्लान बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा-मेक्सिको पर 25% टैरिफ लगाने के लिए आदेश जारी किए थे। इसे 4 फरवरी से लागू होना था। बाद में ट्रम्प के साथ दोनों देशों के नेताओं ने बातचीत की। इसके बाद टैरिफ को अगले 30 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए मेक्सिको ने अमेरिका बॉर्डर पर नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिकों को तैनात किया है। वहीं कनाडा ने फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए फेंटेनाइल जार को नियुक्त किया है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स और येल यूनिवर्सिटी की बजट लैब की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ का उसके नागरिकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिकी परिवारों को सालाना 1000 डॉलर यानी करीब 90 हजार रूपए अतिरिक्त खर्च करने होंगे। फोर्ड और वॉलमार्ट जैसी कंपनियां पहले ही टैरिफ की वजह से अपने बिजनेस पर नकारात्मक असर पड़ने की चेतावनी दे चुकी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार प्रभावित होंगे। अमेरिका का कनाडा और मेक्सिको के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके तहत इन देशों के बीच होने वाले किसी भी तरह के आयात-निर्यात पर टैरिफ (शुल्क) नहीं लगता है। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में मेक्सिको और कनाडा के साथ नॉर्थ अमेरिका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया था।

# जर्मनी के मैनहेम में लोगों पर जानबूझकर कार चढ़ाई

## 2 की मौत, 25 घायल; 3 महीने में कार से हमले की तीसरी घटना

एजेंसी

बर्लिन, जर्मनी के मैनहेम में कार्निवल के दौरान सोमवार को एक कार चालक ने जानबूझकर पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। जर्मनी के बिल्ड न्यूज पेपर के मुताबिक इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं है कि ड्राइवर ने जानबूझकर ऐसा किया या ये हादसा गलती से हुआ। पुलिस ने इलाके में लॉकडाउन लगाया है। जर्मनी में तीन महीने के अंदर कार से लोगों पर हमले की यह तीसरी घटना



है। जनवरी में म्यूनिख शहर में एक अफगानी शरणार्थी ने लोगों पर कार चढ़ा दी थी। इस हादसे में 2 लोग मारे गए थे, जबकि 28 से ज्यादा घायल हुए थे। वहीं, दिसंबर में मैगडेबर्ग शहर के क्रिसमस मार्केट में तेज रफ्तार कार ने सैकड़ों लोगों को रौंद दिया था। इस हमले में 5 लोग मारे गए थे, जबकि 200 घायल हुए थे। घायलों में 7 भारतीय भी थे। इस हमले को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.15 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शाम 4:45 बजे) अंजाम दिया गया। जर्मन मीडिया ने बताया कि मैनहेम की मुख्य शॉपिंग स्ट्रीट प्लैंकन में एक काली एसयूवी ने तेज रफ्तार से कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। यह कार प्लैंकन में परेडप्लाट्ज स्क्वायर से शहर के फेमस वॉटर टावर की तरफ जा रही थी। पुलिस प्रवक्ता स्टीफन विल्हेम ने बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अन्य लोगों के शामिल होने की जानकारी नहीं दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने कहा है कि मैनहेम में अभी खतरे की स्थिति बनी हुई है। घायलों के इलाज के लिए हॉस्पिटल ने 8 टीमें तैनात की हैं। अधिकारियों ने एक ऐप के जरिए अलर्ट जारी किया है। यह एक ऐसा सिस्टम जिसका इस्तेमाल लोगों को आतंकवादी हमलों या आग जैसी इमरजेंसी का अलर्ट भेजने के लिए किया जाता है।

इस अलर्ट में लोगों को शहर के सेंटर से दूर रहने और स्थिति समान्य होने तक घर के अंदर रहने का निर्देश दिया गया है। पिछले साल मई में एक अफगान शरणार्थी ने 6 लोगों को चाकू मारा था। इसमें एक पुलिस अफसर भी शामिल था। हमलावर ने अफसर की गर्दन पर चाकू से वार करके उनकी हत्या कर दी थी।

# अमेरिका ने यूक्रेन की सभी सैन्य मदद रोकीं

## ट्रम्प-जेलेंस्की की बहस के 3 दिन बाद ऐलान; यूएस प्रेसिडेंट बोले- जेलेंस्की शांति नहीं चाहते

एजेंसी



वॉशिंगटन डीसी, व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बहस के 3 दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची है, उसे भी रोक दिया गया है। इसमें पोलैंड तक पहुंच चुका सामान भी शामिल है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार रोकी गई मदद तब तक बहाल नहीं की जाएगी, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं। यूक्रेन को सैन्य मदद रोके जाने को लेकर फिलहाल अमेरिकी रक्षा विभाग और राष्ट्रपति ट्रम्प ने कोई टिप्पणी नहीं की है। ब्लूमबर्ग ने रक्षा विभाग के एक अधिकारी के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि क्या जेलेंस्की रूस के साथ शांति कायम करना भी चाहते हैं या नहीं। ट्रम्प प्रशासन के एक अधिकारी ने फॉक्स न्यूज से कहा कि यह मदद स्थायी तौर पर नहीं रोकी गई है। बाइडेन प्रशासन ने 20 जनवरी को एक बयान में कहा कि उसने फरवरी 2022 से यूक्रेन को 65.9 बिलियन डॉलर की सैन्य मदद दी है। इन सैन्य मदद मिसाइलों से लेकर लैंडमाइंस तक शामिल हैं। अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन का रूस के सामने 3 साल से भी ज्यादा समय तक टिक जाना नामुमकिन था। अमेरिका ने यूक्रेन को 3 पैट्रियट मिसाइल सिस्टम दिए। पैट्रियट दुनिया के सबसे भरोसेमंद मिसाइल सिस्टम में से एक है। इसकी मिसाइलें 70 किलोमीटर दूर और 24 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी दुश्मन के हमले को नाकाम कर सकता है। यूक्रेन ने इसी की मदद से नवंबर में रूस के 7 हाइपरसोनिक किंजल और एक जिरकॉन मिसाइल को मार गिराया था।

# पोप को हुई श्वसन संबंधी नयी समस्या

## यांत्रिक श्वसन प्रणाली पर वापस लाया गया

एजेंसी

रोम । पोप फ्रांसिस को सांस लेने में गंभीर दिक्कत होने की समस्या दो बार सामने आई और उन्हें नॉन-इनवेसिव मैकेनिकल वेंटिलेशन (यांत्रिक श्वसन प्रणाली) पर वापस लाया गया। वेटिकन ने यह जानकारी दी। फ्रांसिस ने बहुत अधिक मात्रा में बलगम निगल लिया था और जटिल श्वसन संक्रमण तथा निमोनिया से उबरने के लिए पिछले कई दिन से संघर्षरत पोप के लिए यह और परेशानी की बात है। वेटिकन ने बाद में



एक नवीनतम सूचना में कहा कि ये घटनाएं उनके फेफड़ों में काफी बलगम जमा होने के कारण हुईं। पहले वेटिकन ने कहा था कि पोप फ्रांसिस निमोनिया से उबर रहे हैं और रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उन्होंने अच्छी नींद ली। वेटिकन ने कहा था कि कैथलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप की हालत स्थिर है और उन्हें नॉन-इनवेसिव मैकेनिकल वेंटिलेशन (यांत्रिक श्वसन प्रणाली) से हटा लिया गया है। पिछले सप्ताहांत में श्वसन संबंधी समस्या के बाद उनमें किसी नए संक्रमण का कोई लक्षण नहीं दिखाई दे रहा है। गेमेली अस्पताल ने बताया था, पोप ने पूरी रात अच्छी तरह से आराम किया। फ्रांसिस 14 फरवरी से इसी अस्पताल में भर्ती हैं।

**पोप फ्रांसिस को सांस लेने में गंभीर दिक्कत होने की समस्या दो बार सामने आई और उन्हें नॉन-इनवेसिव मैकेनिकल वेंटिलेशन (यांत्रिक श्वसन प्रणाली) पर वापस लाया गया। वेटिकन ने यह जानकारी दी। फ्रांसिस ने जटिल श्वसन संक्रमण तथा निमोनिया से उबरने के लिए पिछले कई दिन से संघर्षरत पोप के लिए यह और परेशानी की बात**

धर्मगुरु (88) को शुक्रवार को काफी ज्यादा खांसी होने पर ऑक्सीजन देनी पड़ी थी, जिससे आशंका पैदा हुई थी कि उनके फेफड़ों में शायद कोई नया संक्रमण हुआ है। चिकित्सकों ने रविवार शाम को बताया था कि फ्रांसिस की हालत स्थिर बनी हुई है, उन्हें बुखार या संक्रमण

# 'कभी रेल रोको तो कभी सड़क...'

## किसानों के विरोध प्रदर्शन पर बोले भगवंत मान, धरना प्रदेश बनता जा रहा पंजाब



एजेंसी

पंजाब में तनाव चरम पर है। 5 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा आयोजित 'चंडीगढ़ चलो' विरोध प्रदर्शन से पहले सत्तारूढ़ आप सरकार और किसान यूनियनों के बीच राजनीतिक गतिरोध बढ़ गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के एसकेएम की बैठक से बाहर निकलने के एक दिन बाद, किसान नेताओं ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस ने चंडीगढ़ में उनके नियोजित प्रदर्शन से पहले आधी रात को छापेमारी में कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। एसकेएम 37 किसान संघों का एक समूह है। घटना की पुष्टि करते हुए, मान ने संवाददाताओं से कहा कि जब एसकेएम नेताओं ने 5 मार्च से विरोध प्रदर्शन की योजना का उल्लेख किया तो वह बैठक से बाहर चले गए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हां, मैंने बैठक छोड़ दी, और हम उन्हें भी हिरासत में लेंगे। किसानों को पटरियों और सड़कों पर नहीं बैठने देंगे। उन्होंने आगे बताया कि मैनें किसानों से कहा कि आप हर दिन 'रेल रोको', 'सड़क रोको' विरोध प्रदर्शन करते हैं। इससे पंजाब को भारी नुकसान हो रहा है। राज्य को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। पंजाब धरना प्रदेश बनता जा

**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के एसकेएम की बैठक से बाहर निकलने के एक दिन बाद, किसान नेताओं ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस ने चंडीगढ़ में उनके नियोजित प्रदर्शन से पहले आधी रात को छापेमारी में कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। एसकेएम 37 किसान संघों का एक समूह है।**

रहा है। मेरी कोमलता को यह न समझें कि मैं कार्रवाई नहीं करता। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि वह ₹बिना उकसावे₹ के बाहर क्यों चले गए, मान ने कहा कि उन्होंने किसानों से कहा था कि बैठक और 'मोर्चा' साथ-साथ नहीं चल सकते। मान ने बाहर निकलने से पहले कहा था, ₹लेकिन अगर आप मुझसे कहते हैं कि बैठक के साथ-साथ मोर्चा भी जारी रहेगा, तो मैं बैठक रद्द कर देता हूं और आप मोर्चा जारी रख सकते हैं।₹ आधी रात को की गई छापेमारी मुख्यमंत्री मान के ₹बिना किसी उकसावे के₹ बैठक के बीच से चले जाने के कुछ घंटों बाद हुई। एक वायरल वीडियो में क्रांतिकारी किसान यूनियन के राज्य महासचिव गुरमीत सिंह मेहमा ने कहा कि मान के एसकेएम के साथ बैठक से बाहर निकलने के बाद पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी शुरू कर दी।

# 'मियां-तियां' या 'पाकिस्तानी' कहना अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्लीः किसी को 'मियां-तियां' या 'पाकिस्तानी' कहना उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध नहीं है. न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अपीलकर्ता हरि नंदन सिंह को धार्मिक भावना को आहत करने के आरोप से मुक्त करते हुए यह टिप्पणी की. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह बयान गलत है लेकिन धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के बराबर नहीं है. क्या है मामलाः मामला झारखंड के चास अनुमंडल कार्यालय का है. एक उर्दू अनुवादक ने शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायतकर्ता के अनुसार, वह सूचना के अधिकार आवेदन के बारे में जानकारी देने के लिए 18 नवंबर 2020 को आरोपी से मिलने गया, तो आरोपी ने उसके धर्म का हवाला देकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया था. बोकारो सेक्टर-4 थाने में एफआईआर दर्ज की गई. बाद में चार्जशीट दाखिल की गई. ट्रायल कोर्ट ने अपीलकर्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 353, 298 और 504 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया. अपीलकर्ता ने



कार्यवाही को रद्द करने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया. उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी. सर्वोच्च न्यायालय ने क्या कहाः एफआईआर का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि हमें नहीं लगता कि अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपित अपराधों का कोई भी तत्व उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर में मौजूद है. मामले के अवलोकन से पता चलता है कि धारा 353, 298 और 504 आईपीसी के तहत अपीलकर्ता के खिलाफ लगाए गए अपराधों के आवश्यक तत्व सामने नहीं आए हैं. जाहिर है, अपीलकर्ता द्वारा धारा 353 आईपीसी को आकर्षित करने के लिए कोई हमला या बल का प्रयोग नहीं किया था.

# ब्रज की होली में मुस्लिमों के प्रवेश पर पाबंदी की माँग

एजेंसी

वैसे तो देश में सभी पर्वों को सभी समुदाय मिलकर मनाते रहे हैं लेकिन कुछ तत्वों की ओर से अक्सर पर्वों के दौरान सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के प्रयास किये जाते हैं जिससे त्योहारों को मिलकर मनाने की परम्परा अब कम होती जा रही है। पर्वों की खुशी कहीं फीकी नहीं पड़ जाये इस बात का ध्यान रखते हुए कुछ संगठन तो पहले से ही सतर्कता बरतने लगे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक हिंदूवादी संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ब्रज क्षेत्र में होली पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मुसलमानों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग की है ।देखा जाये तो ब्रज में होली के दौरान जिहादियों की नो-एंट्री को लेकर जनता भी सहमत नजर आ रही है क्योंकि पर्वों के दौरान खासतौर पर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुँचाने के कई प्रकरण हाल में सामने आये हैं। इसीलिए महाकुम्भ के दौरान भी मुस्लिमों पर दुकान इत्यादि लगाने पर प्रतिबंध की मांग की गयी थी। ब्रज की होली विश्व प्रसिद्ध है और ऐसे में वहां किसी प्रकार का माहौल खराब करने का कृत्य नहीं हो इसके लिए जो मांग धर्मरक्षा संघ की ओर से की गयी है उसे संतों का भी पूरा समर्थन मिलता दिख रहा है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा है कि होली के त्योहार में मुस्लिमों का क्या काम है। उन्होंने कहा कि ब्रज में आयोजित होने वाले होली समारोहों में मुस्लिम समाज के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग एकदम सही है ।हम आपको बता दें कि धर्मरक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा, "पिछले दिनों बरेली में देखने में आया था कि मुस्लिम समाज के लोग हमारे लोगों को धमकियां दे रहे हैं।


सार्वजनिक निर्माण विभाग

निविदा सूचना क्र. 70 सन 2024-25

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.नि.) विभाग, 2री मंजिल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, मुंबई - 400001, दूरभाष क्र. 022-22026974/76 द्वारा निम्नलिखित कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग के सुशिक्षित बेरोजगार अभियंताओं के लिए आमंत्रित किए जाते हैं. कोरी निविदा का नमूना कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.नि.) विभाग, 2 रा मजला, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, मुंबई के कार्यालय से दिनांक 04/03/2025 से 19/03/2025 तक दोपहर 15.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है. पूर्ण की गई निविदाएं दिनांक 13/03/2025 को दोपहर 15.05 बजे तक स्वीकार की जाएंगी और संभवतः उसी दिन खोली जाएंगी.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | बयाना रकम (रु.) | वर्ग | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा नमूना प्रकार | कोरी निविदा प्रारूप का मूल्य अनुमानित कीमत (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्लास्टर, पेंटिंग, फर्शीकरण, शौचालय ब्लॉक कक्ष क्र. 804, 805 हाई राइज़ बिल्डिंग जी.टी. हॉस्पिटल, मुंबई में मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य | 7,98,834/- | 8,000/- | वर्ग-9 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 2 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई स्थित जय अंबे बिल्डिंग में मरम्मत कार्य | 4,11,525/- | 5,000/- | वर्ग-9 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 3 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई स्थित वृंदावन बिल्डिंग में मरम्मत कार्य | 8,36,188/- | 9,000/- | वर्ग-8 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 4 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई की मुख्य बिल्डिंग में मरम्मत कार्य | 8,34,477/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 5 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई की मुख्य बिल्डिंग के पीछे पेवर ब्लॉक उपलब्ध कराना | 8,37,461/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 6 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई की मुख्य बिल्डिंग में मरम्मत कार्य | 8,42,661/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 7 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई स्थित कंपाउंडर क्वार्टर में मरम्मत कार्य | 8,20,213/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 8 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई में महात्मा फुले कक्ष का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य | 8,36,102/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 9 | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई में जनरेटर कक्ष का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य | 8,36,752/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 10 | सर जे. जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई स्थित लेडीज़ सर्वेंट क्वार्टर बिल्डिंग (विधवा भवन) की सीढ़ियों के नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य हेतु एमओडब्ल्यू | 8,01,835/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 11 | सर जे. जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई स्थित लेडीज़ सर्वेंट क्वार्टर बिल्डिंग (विधवा भवन) के कमरों का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य (द्वितीय मंजिल) | 8,01,904/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 12 | सर जे. जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई स्थित लेडीज़ सर्वेंट क्वार्टर बिल्डिंग (विधवा भवन) के कमरों का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य (प्रथम मंजिल) | 8,01,840/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 13 | सर जे. जे. हॉस्पिटल परिसर, मुंबई स्थित रिकॉर्ड रूम सेक्शन में कक्ष क्रमांक-10 का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य | 7,75,039/- | 8,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 14 | जी. टी. हॉस्पिटल, मुंबई स्थित पुराने डॉक्टर क्वार्टर की द्वितीय मंजिल के सर्वेंट रूम में प्लास्टर, पेंटिंग एवं शौचालय ब्लॉक की मरम्मत कार्य | 8,88,550/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 15 | जी. टी. हॉस्पिटल, मुंबई स्थित पुराने डॉक्टर क्वार्टर की प्रथम मंजिल के सर्वेंट रूम में प्लास्टर, पेंटिंग एवं शौचालय ब्लॉक की मरम्मत कार्य | 8,31,441/- | 9,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |
| 16 | सर जे. जे. हॉस्पिटल, मुंबई के वार्ड क्रमांक 41 में मॉड्यूलर सीलिंग (2x2) स्थापित करने एवं प्लाई पैनलिंग का कार्य | 4,85,762/- | 5,000/- | वर्ग-7 एवं वरीय | 100 दिन | ब-1 | 590/- |

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.नि.) विभाग, 2री मंजिल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, मुंबई के कार्यालय में सूचना फलक पर विस्तृत निविदा सूचना देखी जा सकती है. एक या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखा गया है.

जा.क्र. एघ (सा. नि.)वि/निविदा/ 9262

कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, एकात्मिकृत घटक (सा.नि.) विभाग,
2 री मंजिल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, मुंबई.
दिनांकः 28.02.2025

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता,
एकात्मिकृत घटक (सा.नि.) विभाग,
फोर्ट, मुंबई

डीजीआयपीआर/2024-2025/6838

## संक्षेप

### परीक्षा में ड्यूटी से शिक्षक गायब

**कक्ष निरीक्षक नहीं पहुंचे स्कूल, मोबाइल भी बंद; केंद्र व्यवस्थापक ने इएड को लिखा पत्र**

सुलतानपुर, परिषदीय बोर्ड परीक्षा 2025 के दौरान एक शिक्षक की लापरवाही सामने आई है। प्राथमिक विद्यालय नकराही के सहायक अध्यापक मोहम्मद अनवर सिद्दीकी ने कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी से दो बार अनुपस्थित रहकर परीक्षा व्यवस्था को प्रभावित किया। महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में 1 मार्च को प्रथम पाली की परीक्षा में सिद्दीकी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। इसके बाद 4 मार्च को हाई स्कूल विज्ञान विषय की महत्वपूर्ण परीक्षा में भी वह ड्यूटी स्वीकार करने के बावजूद नहीं पहुंचे। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि शिक्षक जानबूझकर परीक्षा के दिन अपना मोबाइल फोन बंद कर लेते हैं, जिससे उनसे संपर्क करना संभव नहीं हो पाता। कक्ष निरीक्षक की अनुपस्थिति से परीक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई ।इस मामले में केंद्र व्यवस्थापक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर को पत्र लिखकर संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग

**सुल्तानपुर में मैरिज लॉन के अंदर बारातियों ने चलाई गोलियां, छत पर खेल रहे बच्चे बाल-बाल बचे**

सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें दूल्हे की कार के सामने बाराती हर्ष फायरिंग कर रहा है। बताया जा रहा है कि इस फायरिंग में बच्चे बाल बाल बच गए हैं। शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई से बच रही है। ये पूरा मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित सुल्तानपुर-कादीपुर रोड पर बने नारायन पारा कान्हा मैरिज लॉन का है। बताया जा रहा है कि बीते दो मार्च को यहां पर कुछ बारातियों व अराजकतत्वों द्वारा पिस्टल से हर्ष फायरिंग की गई। जिसमें पड़ोस की मकान पर गोलियां जाकर लगी। यही नहीं बल्कि पड़ोस के मकान पर छत पर छोटे छोटे बच्चे खड़े थे जो घटना में बाल बाल बच गए। इस संदर्भ में मैरिज लॉन के बगल रहने वाले मंजीत कुमार सिंह ने कोतवाली कादीपुर में घटना की लिखित शिकायत किया। जिसमें उल्लेख है कि मौके से उन्हें तीन पिस्टल की गोली के तीन खोखे मिले हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा में फंदे से लटका मिला शव, रात को खाना खाने के बाद गया था सोने**

बांदा, जनपद के नरैनी कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। नीरज नाम के युवक ने अपने कमरे में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी के अनुसार, नीरज रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो नीरज साड़ी के फंदे से लटका हुआ था।

# हाईकोर्ट ने गाजीपुर के डीएम और एसपी को लगाई फटकार

**न्यायिक अधिकारी पर असम्मानजनक टिप्पणी करने पर अधिकारियों से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक न्यायिक अधिकारी के प्रति अनुचित भाषा के प्रयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। गाजीपुर के प्रशासनिक अधिकारियों ने यहीं के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) का उल्लेख अधिकारिक रिपोर्ट में वगैर औपचारिक सम्मान सूचक शब्दों का प्रयोग किए किया गया था। हाईकोर्ट ने इसके लिए वहां के डीएम एवं एसपी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगकर इस मामले पर सफाई मांगी है। हाईकोर्ट इस मामले पर अगली सुनवाई 11 मार्च को करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की पीठ ने गिरीश चंद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य की याचिका पर दिया है। अदालत ने विशेष रूप से इस बात पर नाराजगी जताई है कि गाजीपुर के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) का उल्लेख आधिकारिक रिपोर्ट में बिना औपचारिक सम्मान सूचक शब्दों के किया गया था। इस मामले की याचिका गिरीश चंद ने उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ दाखिल की गई थी। जो कि गाजीपुर जिले के प्लॉट नंबर 709 और 711 से संबंधित भूमि विवाद से जुड़ा था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने बहस की। विवाद तब शुरू हुआ जब गाजीपुर के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी और रामपुर मांझा थाना प्रभारी ने एक संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें भूमि के उपयोग और निर्माण से संबंधित विवरण था। हाईकोर्ट ने पहले ही सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गाजीपुर द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट पर आपत्तियां दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। जस्टिस जे. जे. मुनीर ने प्रशासन द्वारा सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गाजीपुर, के प्रति प्रयोग की गई भाषा को अनुचित ठहराया और कहा यह न्यायिक शिष्टाचार का गंभीर उल्लंघन है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय के न्यायाधीशों को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते और उनके प्रति अनुचित भाषा का प्रयोग करते हैं।

# प्रयागराज में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फाफामऊ में बाइक में लगी टक्कर, गुस्साए लोगों ने जाम की सड़क**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, गंगापार के फाफामऊ इलाके में कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। फाफामऊ पुलिस ने कार चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। साथ ही युवक के परिजनों को सरकारी मदद दिलाने के आश्वासन पर जाम खुला। फाफामऊ के गोहरी गांव का 24 वर्षीय बच्चेलाल सोमवार शाम मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए बाइक से बाजार गया था। गांव के सामने सड़क पर पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बच्चेलाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घरवाले उसे निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घरवाले उसका शव लेकर गांव लौटे। सड़क पर शव रखकर जमा लगा दिया। फाफामऊ थाना प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर नाराज लोगों को शांत कराया। काफी मान मनौव्वल के बाद लोगों ने जाम खत्म किया।

# मोबाइल चोर गिरफ्तार



**30 मोबाइल और लैपटॉप बरामद, 11 जिलों में दर्ज हैं मुकदमे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। जामो पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए चोर के पास से 30 चोरी के मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद हुआ है। फतेहपुर के मोदीपुर उरहा निवासी मोनू पाल ने 15 फरवरी को जामो थाना क्षेत्र के उमराडीह गांव में शशिधर मिश्र उर्फ राहुल की मोबाइल दुकान से लाखों रुपए के मोबाइल चोरी किए थे। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

पुलिस ने शुरू की जांच पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जिले की स्वाट टीम और जामो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी मोनू पाल के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जिलों में 11 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आईआरसीटीसी, आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा मिला, रेल मंत्री ने दी बधाई

**सभी रेलवे सूचीबद्ध पीएसयू को 2014 के बाद नवरत्न का दर्जा मिला।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली : सरकार ने भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनियों के रूप में अपग्रेड करने को मंजूरी दे दी है। आईआरसीटीसी सीपीएसई में 25वीं और आईआरएफसी 26वीं #नवरत्न कंपनी बन गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा देने के लिए बधाई दी है। मंत्री ने कहा- हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रेलवे के सभी 7 सूचीबद्ध पीएसयू अब नवरत्न का दर्जा प्राप्त कर रहे हैं और यह 2014 के बाद हुआ है। कॉनकोरः जुलाई 2014, आरवीएनएलः मई 2023, अक्टूबर 2023 में इरकॉन और राइट्स, रेलटेलः अगस्त 2024 और अब आईआरसीटीसी और आईआरएफसी। यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रेलवे परिवर्तन पर केंद्रित ध्यान को दशार्ता है। उन्होंने इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री को भी धन्यवाद दिया।



आईआरसीटीसीः

आईआरसीटीसी एक रेल मंत्रालय सीपीएसई है जिसका वार्षिक कारोबार ?4,270.18 करोड़ है, कर के बाद लाभ है, यानी ?1,111.26 करोड़ का पीएटी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ?3,229.97 करोड़ की निवल संपत्ति है। आईआरएफसी भी एक रेलवे मंत्रालय सीपीएसई है जिसका वार्षिक कारोबार ?26,644 करोड़, पीएटी ?6,412 करोड़ और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ?49,178 करोड़ की निवल संपत्ति है ।नवरत्न मान्यता एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि आईआरसीटीसी 2025 में खानपान, पर्यटन और ऑनलाइन टिकटिंग सेवाओं में उत्कृष्टता के 25 साल मना रहा है। यह आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में निगम की परिचालन उत्कृष्टता का एक वसीयतनामा है जो वर्षों में हासिल किया गया है ।नवरत्न पीएसयू वैश्विक प्रतिस्पर्धी बाजार में भारत की स्थिति को बढ़ाकर आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्नत स्थिति आईआरसीटीसी को अपने पदचिह्न का विस्तार करने और यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में अपनी सेवा प्रसाद को बढ़ाने की अनुमति देती है।

आईआरएफसीः

रेल मंत्रालय के तहत एक प्रमुख वित्तीय संस्थान भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा दिया गया है। यह मान्यता भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे का समर्थन करने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में से एक के रूप में आईआरएफसी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।12 दिसंबर, 1986 को 100% सरकारी स्वामित्व वाली इकाई के रूप में स्थापित, आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 31 मार्च, 2024 तक 26,600 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व और 6,400 करोड़ रुपये से अधिक कर के बाद लाभ के साथ, आईआरएफसी अब भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी है।

नवरत्न स्थिति के लाभः

नवरत्न पीएसयू के कई फायदे हैं, जैसेःवित्तीय स्वायत्तता

वे संयुक्त उद्यम, सहायक कंपनियां बना सकते हैं, और प्रत्यक्ष सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना विलय या अधिग्रहण में प्रवेश कर सकते हैं।

परिचालन स्वतंत्रता

वे स्वतंत्र व्यवसाय और निवेश निर्णय ले सकते हैं, जिससे वे निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

उनके पास एचआर प्रबंधन में अधिक लचीलापन है, जिसमें बाजार से जुड़े वेतन पर पेशेवरों को काम पर रखना शामिल है।

वैश्विक विस्तार

वे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश कर सकते हैं, रणनीतिक गठबंधन बना सकते हैं, और सख़्त नौकरशाही बाधाओं के बिना विश्व स्तर पर विस्तार कर सकते हैं।

बेहतर बाजार की स्थिति

नवरत्न कंपनियों को आर्थिक रूप से स्थिर माना जाता है और अधिक निवेशकों का विश्वास आकर्षित करता है। उनका मजबूत वित्तीय प्रदर्शन उन्हें शेयरधारकों के लिए बेहतर रिटर्न उत्पन्न करने की अनुमति देता है।

# एआरटीओ कार्यालय में 15 दिनों से काम ठप

**10 हजार लाइसेंस, 250 गाड़ियों की फिटनेस और 2500 पंजीकरण लंबित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, एआरटीओ कार्यालय में पिछले दो सप्ताह से काम पूरी तरह से ठप पड़ा है। पुराने एआरटीओ सर्वेश सिंह के शाहजहांपुर स्थानांतरण के बाद नए एआरटीओ प्रवीण सिंह ने अभी तक कार्यभार नहीं संभाला है। स्थिति यह है कि कार्यालय में लगभग 10 हजार लाइसेंस के आवेदन लंबित हैं। लर्निंग लाइसेंस को परमानेंट करने का काम रुका हुआ है। 250 से अधिक वाहनों की फिटनेस जांच नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, लगभग 150 आरसी ट्रांसफर के मामले और 2500 नए वाहन पंजीकरण के आवेदन भी लंबित हैं। छह महीने पहले शासन ने अमेठी के एआरटीओ सर्वेश सिंह का स्थानांतरण शाहजहांपुर कर दिया था। उनकी जगह अयोध्या के एआरटीओ प्रवीण सिंह को अमेठी की जिम्मेदारी दी गई। हालांकि, सर्वेश सिंह के अमेठी में बने रहने के कारण प्रवीण सिंह ने कार्यभार नहीं संभाला। कार्यालय में तैनात अधिकारियों का कहना है कि एआरटीओ के हस्ताक्षर के बिना कोई फाइल पास नहीं हो सकती। इसके अलावा कार्यालय का सर्वर भी तकनीकी खराबी से जूझ रहा है। आईपी एड्रेस में लगातार समस्या आ रही है, जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हो पाया है।

# पुलिस के फॉलोवर ने कराई थाने में चोरी

**सीसीटीवी से हुई आरोपी की पहचान, मुकदमा दर्ज हुआ**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, पुलिस के ही फॉलोवर ने थाने में चोरी करा दी। उन्होंने थाने में खड़ी गाड़ियों से बैट्रियां गायब करा दी। जब ड् ?यूटी पर मौजूद दूसरे पुलिस कर्मियों को संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की जांच की, तो उन्हें गाड़ियों से बैट्रियां गायब मिली। जिसके बाद पुलिस ने थाने के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसके बाद उन्हें पता चला कि थाने में तैनात पुलिस और पीएसी के फॉलोवर ने मिली भगत करके थाने से चोरी कराई है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। रोरावर थाने में बीते दिनों विभिन्न मुकदमों में कई गाड़ियां सीज करके थाने मे खड़ी की गई थी। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी थाने में तैनात पुलिस कर्मियों की थी। 2 मार्च को थाना कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मी नितिन धामा को गाड़ियों से पाट्र्स चोरी होने का संदेह हुआ। जिसके बाद उन्होंने सीज गाड़ियों की जांच कराई। जिसमें उन्हें पता चला कि थाने में खड़ी सीज गाड़ियों की बैट्रियां चोरी हो गई हैं। जिसके बाद उन्होंने थाने के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसमें पता चला कि थाने के ही फॉलोवर की मिली भगत के बाद गाड़ियों की बैट्रियां चोरी की गई हैं। जिसके बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाने में हुई चोरी में थाने के फॉलोवर और थाने में रुकी पीएसी बटालियन के फॉलोवर की मिली भगत सामने आई है। इसमें मेस में प्राइवेट तौर से रखे गए फॉलोवर परेश पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना विजयगढ़ और पीएसी बटालियन के फॉलोवर अनस पुत्र आमिर निवासी मेरठ की मिली भगत सामने आई। दोनों ही अस्थाई रूप से विभाग में काम कर रहे थे। जिसके बाद दोनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ प्रथम एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि दोनों कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# टोल कर्मियों की अभद्रता से नाराज किसान संगठन

**छिजारसी टोल पर भाकियू का प्रदर्शन, एक लेन की टोल वसूली रोकी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हापुड़, पिलखुवा स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर किसान संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। टोल कर्मियों द्वारा की जा रही अभद्रता के विरोध में किसानों ने एक लेन को टोल फ्री करा दिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एकल्वय सहारा और भाकियू महाशक्ति के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष शशांक सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। इसमें हापुड़ और गाजियाबाद के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। किसान नेताओं का आरोप था कि टोल कर्मचारी भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसान नेताओं ने सड़क पर बैठकर टोल अधिकारियों से वार्ता की। इसके बाद वीआईपी लेन को टोल फ्री करा दिया गया। टोल के प्रोजेक्ट हेड अमित गौर के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। किसान नेताओं ने टोल अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा।

# आईजी का दौराःत्योहारों को लेकर थाना निरीक्षण

**चौकीदारों से बैठक, टोपी-टॉर्च और टिफिन बांटे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने आज अमेठी का एक दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कमरौली थाने का निरीक्षण किया और मुसाफिरखाना सर्किल क्षेत्र के सभी चौकीदारों के साथ बैठक की। इस दौरान आईजी ने चौकीदारों को टोपी, टार्च और टिफिन वितरित किए। आईजी ने जिला मुख्यालय गौरीगंज में त्योहारों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की नियमित प्रक्रिया है। रमजान और होली के मद्देनजर अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। आईजी कुमार ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य स्थानीय व्यवस्थाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होता है। चाहे भीड़ प्रबंधन हो, त्योहार हो या कोई उत्सव। खुराफाती तत्वों पर नजर होली और रामनवमी की तैयारियों को लेकर पीस कमेटी के साथ बैठकें की जा रही हैं। समाज के प्रमुख लोगों से संवाद किया जा रहा है।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री में छापे के दौरान पुलिस से मुठभेड़

**मथुरा में हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, गोली लगने से दो बदमाश घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना छाता क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। एसओजी को मुखबिर से सूचना मिली। सूचना मिलते ही एसओजी और छाता पुलिस अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर छापा मारने पहुंच गई ।जहां अवैध तरीके से हथियार बना रहे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई।

जिसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। एसओजी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना छाता क्षेत्र में एक अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही है। एसओजी ने यह सूचना डीआईजी शैलेश पांडे को दी। डीआईजी शैलेश पांडे ने तत्काल इस फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम थाना छाता पहुंची जहां थाना पुलिस के साथ फैक्ट्री पर छापा मारा। थाना छाता क्षेत्र में चल रही फैक्ट्री पर एसओजी और छाता पुलिस छापा मारने पहुंची तो वहां मौजूद बदमाश 21 वर्षीय रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नगला लोका महावन और 30 वर्षीय हेमंत पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी दीपपुरम कॉलोनी औरंगाबाद ने फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल हुए बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस घायल बदमाश रोहित और हेमंत को इलाज के लिए अस्पताल ले गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित ।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।